पौष माह, कृष्ण पक्ष वर्ष, अंक 350 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 06 जनवरी 2022 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# गडकरी-राजनाथ और सीएम योगी ने किया लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे का शिलान्यास

**लखनऊ।** केन्द्रीय भूतल परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे सहित 14,199 करोड़ की आठ बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। खराब मौसम की वजह से गडकरी का चार्टर्ड प्लेन चकेरी एयरपोर्ट पर नहीं उतर सका इसलिए गडकरी ने लखनऊ से ही वर्चुअल शिलान्यास किया। इस मौके पर सभा को सम्बोधित करते हुए नितिन गडकरी ने यूपी की कानून-व्यवस्था की तारीफ की। उन्होंने कहा कि योगी जी ने सज्जन लोगों को परेशान करने वालों को जड़ से उखाड़ दिया। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश बदल रहा है। शहरों की दूरियां कम करने के अपने अभियान का उल्लेख करते हुए गडकरी ने उत्तर प्रदेश और देश में बनाए जाने वाले एक्सप्रेस वे, रिंग रोड और अन्य सड़क परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे के बनकर तैयार हो जाने के बाद

## यूपी के लिए 7 एक्सप्रेस हाईवे का ऐलान



लखनऊ और कानपुर की दूरी घटकर सिर्फ आधा घंटा हो जाएगी। जैसे मुंबई और पुणे के बीच जिस प्रकार का हुआ उसी प्रकार का कानपुर और लखनऊ के बीच यातायात की व्यवस्था होगी। बिजली, पानी, परिवहन, दूरसंचार इनके बिना किसी भी राज्य का विकास नहीं हो सकता। उत्तर प्रदेश का विकास भी इसलिए नहीं हुआ था क्योंकि यहां इसके बारे में काफी गंभीर समस्याएं थीं। मैं घोषणा कर रहा कि हम उत्तर प्रदेश में 7 ग्रीन फील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड एक्सप्रेस हाईवे बनाएंगे।

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के बारे में खास बात ये है कि ये 3ऊ ऑटोमेटेड मशीन गाइडेंस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करेगा। बता दें कि यह हाईवे के डेवलपमेंट के लिए 3ऊ अटक्ष्र टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने वाला भारत का पहला एक्सप्रेसवे होगा। लखनऊ कानपुर एक्सप्रेस वे का निर्माण 2023 तक पूरा करने का टार्गेट रखा गया है। आगामी सौ सालों में बढ़ने वाले ट्रैफिक के दबाव को ध्यान में रखकर एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जा रहा है। शहीद पथ से शुरू होकर बनी, कांठा व अमरसास को जोड़ने वाला एक्साप्रेस-वे कानपुर के निकट एनएच-27 के जंक्शन को कनेक्ट करेगा। 4200 करोड़ की लागत से बन रहे कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की डिजाइन आठ लेन के हिसाब से तैयार की जा रही है। एक्सप्रेस-वे की सड़क छह लेन की होगी, लेकिन फ्लाईओवर के स्ट्रक्चर आठ लेन के होंगे।






## खबर संक्षेप

### सुबह तेज कोहरे के चलते हलाकारन हुए लोग

**करछना।** धीरे धीरे बढ़ी ही जोरो की ठंड के चलते जगह जगह अलाव का सहारा ले रहे है।बुधवार सुबह काफी देर तक घ?ा कोहरा और ठड के चलते लोगों को दिक्कत का सामना करना पड रहा है वही सडको पर भी 10 बजे तक घना कोहरा जमा रहा जिसके चलते वाहनो को भी आवागमन मे काफी दिक्कत हुई दोपहर कुछ देर के लिए धूप जरूर निकली लेकिन आसमान मे छाये बादलो के बीच शाम ढलते ही धुध छा गई और गलन बढ गई।दो पहिया वाहनो से आने जाने वालो को ठड से काफी परेशानी हुई उध? किसानो का मानना है कि रवी की फशल के लिए बढती ठड काफी लाभदायक लेकिन कोहरे के चलते फसलो मे रोग और कीट का प्रभाव बढ सकता है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आया दूधिया मौत

**क्षेत्र के बरहदा गांव के समीप बाइक सवार दूधिये की दर्दनाक मौत से परिजनों में कोहराम**

अखंड भारत संदेस

**करछना।** थाना क्षेत्र के बरदहा गांव के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर टाली की चपेट में आने से बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई।जानकारी के अनुसार संतोष कुमार यादव उम्र 30वर्ष पिता का नाम सुरजबली यादव निवासी युशुफ पुर डीहवा थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी का रहने वाला था। वह नैनी में दुध व्यवसाय का काम करता था रोज की तरह आज सुबह नैनी से दूध का कैन बांधकर भडेवरा स्थित डेरी से दूध लेने निकला था कि वह बरदहा के समीप पहुचा था की घने कोहरे और तेज रफ्तार अनियंत्रित ओवर लोड गिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया जिससे वह पुरी तरह से कुचल गया वह टैक्टर चालक मौके से ट्रेक्टर छोड़कर फरार हो गया आसपास के लोग मौके पर पहुंचे जिसकी जानकारी थाना करछना को दी गई मौके पर पहुंची करछना थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।पुलिस मुकदमा दर्ज करते हुए ट्रैक्टर को कब्जे मे लेकर जाच पडताल कर रही है।

## विवाहिता की हत्या कर रेलवे ट्रैक पर रखने का आरोप

**घूरपुर।** क्षेत्र के भीटा गांव में व्याही एक विवाहिता के मायके पक्ष के लोगों ने पति द्वारा हत्या कर लाश को रेलवे ट्रैक पर भेजने का आरोप लगाते हुए घूरपुर पुलिस से शिकायत की है। शव को सुबह ही रेलवे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था । कौंधियारा थाना क्षेत्र नौगवां गांव निवासी रामचंद्र रजक ने अपनी बेटी कलावती देवी 32की शादी 13 वर्ष पूर्व घूरपुर के भीटा गांव निवासी पन्नालाल के बेटे मंगला के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से दहेज के मंगला आये दिन मरता पीटता था । कई बार पंचायत भी हुई लेकिन पति की आदत में कोई सुधार नहीं।आरोप यह भी है कि आरोपी पति किसी दूसरी लड़की को भी अपने घर में रख लिया था । मायके वालों को बुधवार के दिन सूचना मिली कि उसकी बेटी की लाश घूरपुर रेलवे ट्रैक पर मिली है। इतना सुनते ही कलावती के मायके में कोहराम मच गया। कलावती के पिता रामचन्द्र रजक ने घूरपुर थाने पहुंच कर पति मंगला के खिलाफ हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर भेज देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। कलावती के गोलू 10,मोनू 8 व सोनू 7 नामक बेटे है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रेलवे ट्रैक पर अज्ञात महिला का मिला शव

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** क्षेत्र के सारंगापुर रेलवे ट्रैक के किनारे बुधवार की सुबह एक अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की तो उसके पास से एक उसकी फाइल फोटो मिली। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । मिली जानकारी के अनुसार घूरपुर थाना क्षेत्र के सारंगापुर स्थित रेलवे स्थित पोल संख्या1343/29के पास बुधवार की सुबह एक अधेड़ महिला के शव को ग्रामीणों ने देखा तो हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों ने उक्त घटना की सूचना घूरपुर पुलिस को दी तो मौके पर एसआई वीरेंद्र कुशवाहा हमराहियों के साथ पहुंचे । शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की गई तो उसके पास से उसकी एक फाइल फोटो मिली, लेकिन कोई ऐसी चीज नही मिली जिससे महिला की पहचान हो पाती। पुलिस ने अज्ञात में महिला के शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस का मानना है कि महिला किसी ट्रेन से गिर गई और गंभीर चोट के चलते मर गई ।

## न्यूज झरोखा

### बेटियों की शादी में मदद करने से मिलती पुण्य एवम प्रसन्नता : अभिषेक सिंह पटेल



**जसरा।** बुधवार कों जसरा क्षेत्र के विभिन्न गावों एवम शैक्षिक संस्थानो मे युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह पटेल मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों कों जागरूक किए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान श्री पटेल कों पता चला कि करछना क्षेत्र के रोकड़ी गाँव मे जगनारायण शर्मा के बेटी की शादी होनी हैं और परिवार की माली हालत ठीक नहीं हैं तों केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधछात्र ने निजी वेतन एवम लोगों के सहयोग से सब्जी समेत आटा, चीनी आदि की मदद किए। शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल के इस नेक कार्य की सराहना क्षेत्र सहित शैक्षिक विभाग मे भी हों रहीं हैं।इस अवसर पर शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल ने कहा कि बेटियों की शादी मे सहयोग करने से जों पुण्य एवम प्रसन्नता होती हैं वह किसी और कार्य से नहीं हों पाता।सूत्रों के मुताबिक श्री पटेल सामूहिक विवाह, शादी अनुदान, बेटियों की शिक्षा मे सहयोग एवम नारी कों आत्मनिर्भर बनाने हेतु हजारों की मात्रा मे सिलाई मशीन एवम साईकिल का वितरण करवा चुके हैं। इस अवसर पर स्थानीय लोग सहयोग बेटी के परिजन उपस्थित रहें।

### पशु आरोग्य शिविर में 800 पशुओं को दी गई कृम नाशक दवाएं



**करछना।** पशुचिकित्सालय कौंधियारा द्वारा ग्रामसभा पवरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उदघाटन ग्राम प्रधान पवरी कौशलेश यादव ने फीता काटकर गौपूजन किया।डॉ आर डी राम ने पशु चिकित्सा एवं लघुशल्य चिकित्सा के साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान किया।170 पशुपालक क्रेडिट कार्ड मौके पर ही भरवाये गये।800 पशुओं की चिकित्सा एवं कृमिनाशक दवा पान करवाया गया।कार्यक्रम में डॉ पंकज त्रिपाठी, कमल सिंह ,मो अजहरुद्दीन, अर्चना,रमेश पाल, श्याम मोबिन अहमद खान ने विशेष सहयोग किया।

### कोरोना से जंग जीतने मे वैक्सीन अहम हथियार : सकुन्ति सचान



**जसरा।** राजकीय बालिका इंटर कालेज, जसरा मे बुधवार कों 15से 18वर्ष की छात्राओं कों वैक्सीन लगायी गयी। इस अवसर पर संस्थान की प्रधानाचार्या श्रीमती सुकुंती सचान ने छात्राओं का हौसलाअफजाई करते हुए जल्द से जल्द अन्य सभी छात्राओं से भी वैक्सीन लगवाने की अपील करते हुए आगे श्रीमती सचान ने कोरोना से जंग जीतने मे मास्क, साबुन के साथ वैक्सीन कों अहम हिस्सा बताते हुए उपस्थित छात्राओं कों अधिक से अधिक उक्त वस्तुओं के उपयोग की भी अपील की।विद्यालय के कुल 21छात्राओं कों आज वैक्सीन लगायी गयी साथ ही उपस्थित शिक्षिकाओं के द्वारा भी छात्राओं कों वैक्सीन के लिए प्रोत्साहित किया गया।गीतांजलि, गीतां पाण्डेय, रेखारानी,नीलम गुप्ता, फौजिया नसरीन, शगुफ्ता जमाल, सुनीता मालवीया, ममता शर्मा, रीना यादव आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### खेलकूद से होता है शारीरिक व मानसिक विकास : कैप्टन करन



**प्रतापपुर।** वारी मे आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए अपना दल नेता एवं समाजसेवी कैप्टन करन सिंह ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता से हमारा शारीरिक मानसिक विकास होता है। इससे भाईचारा बढ़ता है एवं वैचारिक सैद्धांतिक विकास होता है सभी खिलाड़ियों को पूरी ऊर्जा एवं ईमानदारी से खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने परिवार क्षेत्र प्रदेश राष्ट्र का नाम रोशन करना चाहिए। उत्साहवर्धन करते हुए करन सिंह ने बच्चों एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई खेलकूद एवं अन्य जरूरी कार्यों मे संतुलन बनाये रखना बहुत जरूरी है।इस अवसर पर प्रधान बरियांवा राजीव दुबे मटरू, बबलू सिंह, जोगेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, राजा मौर्या, कुनाल चतुवेर्दी, आदर्श शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## अवधी के गौरव को बरकरार रखने की पहल...

**अशोक बेशरम संयोजक, संतोष शुक्ला समर्थ को अध्यक्ष की जिम्मेदारी**




अखंड भारत संदेश

**करछना।** अवधी लोकभाषा के गौरव को बरकरार रखने और अपनी बोलीबानी के लोकरंग को कायम रखने हेतु अवधी समाज न्यास से जुड़े अखिल भारतीय अवधी समाज द्वारा चर्चित कवि अशोक बेशरम को प्रयागराज मंण्डल का संयोजक और कवि संतोष शुक्ल समर्थ को प्रयागराज अध्यक्ष बनाए जाने से स्थानीय कवि कलाकार शिक्षाविदऔर समाज सेवियों में हर्ष व्याप्त है। विगत तीनदशकों से आकाशवाणी दूरदर्शन के ग्रामीण कार्यक्रमों से और प्रस्तोता के रूप में जुड़े कवि अशोक बेशरम को अवधी लोकभाषा के क्षेत्र में कई उपलब्धियां मिल चुकी हैं। अवधी के चर्चित कवि के अलावा मंचों के संचालन और दैनिक समाचार पत्र पत्रिकाओं में भी समय-समय पर उनके अवधी लेखों का प्रकाशन होता रहा है। उधर शिक्षक,कवि संतोष शुक्ला समर्थ को प्रयागराजअध्यक्ष बनाए जाने से भी कवियों साहित्यकारों ने खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाई दी।अखिल भारतीय अवधी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.पवन विजय और राष्ट्रीय महासचिव मनोज मिश्र कप्तान द्वारा कवियों को यह जिम्मेदारी दिए जाने से प्रयागराज में भी अवधी लोकभाषा के विकास को एक नई गति मिलेगी।स्थानीय साधु कुटी में मंगलवार को हुई साहित्यकारों की एक बैठक के दौरान लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए कवियों को बधाई दी। इस मौके पर कई कवि कलाकार,समाजसेवी,शिक्षाविद मौजूद रहे।

## कोआपरेटिव बैंक की योजनाओं का लाभ उठाएं ग्राहक

**करछना।** ड्रिस्टिक कोआपरेटिव बैंक ग्राहकों की हर सुविधा ख्याल रखते हुए अपनी योजनाओं से जोड़ने को तत्पर है। ग्राहकों को भी चाहिए कि अपनी सुविधा के अनुरूप बैंक द्वारा चलाई जा रहा योजनाओं की समय-समय पर जानकारी करते हुए इसका लाभ उठाये।बैंक शाखा करछना में बुधवार को हुई ग्राहक के साथ एक बैठक के दौरान शाखा प्रबंधक संजय जैसवार ने कही।उन्होने बताया कि बैंक द्वारा सब्सिडी,सभी प्रकार की छात्रवृति और सभी प्रकार के पेंशन से संबधित सभी प्रकार पैसों की लेनदेन शुरू हो गया है।बैक कर्मियों ने बताया कि अब साधन सहकारी समिति करछना द्वारा आनलाइन बिजली का बिल भी जमा कराया जा रहा है। इसके लिए केवाइसी पूर्ण कराते हुए आधार मैपिंग जरूरी है।साथ ही साथ बचत खाता,चालू खाता,आवर्ती खाता और सावधि खातों का लाभ भी ग्राहक उठा सकते है।बैठक के दौरान कृष्ण विहारी लाल गुप्ता, जितेन्द्र कुमार, कमलेश कुमार समेत ग्राहक और बैक कर्मी मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर भाकियू कार्यकर्ता डीएम कार्यालय जाते समय रात्रि विश्राम के लिए जसरा में रुके

**मांगों को लेकर एसडीएम बारा के आश्वासन के बाद भी किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे**

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** जसरा के एक मंदिर में भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के सैकड़ों कार्यकर्ता अपनी विभिन्न मांगों को लेकर डीएम कार्यालय को घेरने के लिए जाते समय रात्रि विश्राम के लिए जसरा में रुके। उप जिलाधिकारी बारा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर किसानों को मनाने का प्रयास करती रहीं। बुधवार की शाम को भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ता व किसान जसरा के कैलाश धाम मंदिर पहुंचकर रात्रि विश्राम के लिए रुक गए । ज्ञात हो कि शंकरगढ़ क्षेत्र के दर्जनों आदिवासी भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के मंडल महासचिव केके मिश्रा के नेतृत्व में पदयात्रा करके डीएम कार्यालय को घेरने के लिए निकले हैं । केके मिश्रा ने बताया कि उनकी मांग है कि टंडन वन क्षेत्र की पैमाइश की जाए तथा चार वर्ष पहले भू माफियाओं द्वारा वन काटते समय आदिवासियों द्वारा विरोध किया जा रहा था। जिसको लेकर 40 आदिवासियों पर फर्जी मुकदमें दर्ज किया गया था उनको वापस लिया जाए तथा भूमिहीन आदिवासियों को आवासीय पट्टे दिया जाएं। उन्होंने आगे कहा कि शौचालय आवास व मनरेगा की मजदूरी आदि की समस्या का समाधान हो। इन सभी मांगों को लेकर पिछले एक सप्ताह से किसान ब्लॉक मुख्यालय शंकरगढ़ में धरने पर थे तथा जब किसानों की बातें नहीं सुनी गई तब पदयात्रा करके जिला अधिकारी कार्यालय की ओर जा रहे हैं। सत्याग्रह तब तक चलेगा जब तक आदिवासी किसानों की सभी मांगे पूरी नहीं हो जाती। उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह से शंकरगढ़ से चलकर सभी किसान निकले हैं तथा बुधवार को जसरा के कैलाश धाम मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए रुके हैं।उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी बारा सौम्या गुरु रानी से वार्ता की गई लेकिन कोई सार्थक नतीजा न निकलने के कारण वह कल सुबह बृहस्पतिवार की सुबह जिलाधिकारी कार्यालय के लिए कूच करेंगे। वहीं कैलाश धाम मंदिर पर रुके भारतीय किसान यूनियन भानू के लोगों के स्वास्थ्य जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा के अधीक्षकडा०तरुण पाठक भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मंदिर पर एसडीएम बारा सौम्या गुरुरानी, तहसीलदार बारा,थानाध्यक्ष बारा सहित दर्जनों पुलिस बल मौजूद रहे।

## नामदेव दर्जी महासभा प्रांतीय अधिवेशन प्रयागराज इकाई की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश



**जारी।** दर्जी समाज का प्रांतीय अधिवेशन दिन रविवार को कैलाश धाम मंदिर लाल साहब ठेकेदार के कार्यालय जसरा में आयोजित हुआ इसमें कई जनपदों से नामदेव दर्जी समाज के लोगों ने भाग लिया अन्य जनपदों से आए हुए जनप्रतिनिधियों का सम्मान कर सभा में उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया।

राज्य पिछड़ा वर्ग अयोग्य सदस्य राधेश्याम नामदेव संरक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमें पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश सदस्य एवं दर्जा प्राप्त मंत्री का स्थान दिया जिससे अपनी बिरादरी के लोगों को गति मिल सके वह संगठन के उत्थान के लिए निरंतर अपनी बिरादरी के लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया जा सके और समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया प्रांतीय अधिवेशन मे संत समाज के लोगों को अपने बिरादरी के बारे में चर्चा परी चर्चा हुई इस प्रांतीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि माननीय राधेश्याम नामदेव संरक्षक नामदेव दर्जी महासभा उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य विशिष्ट अतिथियों में माननीय बाबू राम नामदेव रिटायर एडीएम नामदेव दर्जी महासभा माननीय राजकिशोर नामदेव कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष गणमान्य अतिथियों में शिव कुमार नामदेव प्रदेश महामंत्री केस लाल नामदेव प्रदेश उपाध्यक्ष भाई लाल नामदेव मंडल संरक्षक प्रयागराज कार्यक्रम मुख्य संयोजक लाल साहब ठेकेदार संरक्षक एवं कोषाध्यक्ष प्रयागराज ज्ञानेंद्र प्रकाश प्रयागराज मंडल संरक्षक कार्यक्रम सहसंयोजक संजीव कुमार अध्यक्ष प्रयागराज शैलेंद्र कुमार एडवोकेट जमुनापार अध्यक्ष आदि कई गणमान्य लोग शामिल हुए और अपने विचार रखे उक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी नीरज नामदेव ने दी।



विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर बैठक करते सपाई

## विधान सभा चुनाव को लेकर सपाइयों ने कसी कमर

**सिरसा।** मेजा विधानसभा क्षेत्र समाजवादी पार्टी की बैठक कार्यालय नगर पंचायत सिरसा में हुई। जिसमे विधान सभा चुनाव 2022 को लेकर रणनीति बनाई गई। जिसमे कार्यकताओं सेक्टर प्रभारियों को बुथवार जिम्मेदारी दी गई। बैठक में कार्यकताओं ने संकल्प लिया की इस बार सपा मुखिया अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने में कोई कोर कसर नही छोड़ेंगे। कार्यकताओं ने कहा की वर्तमान सरकार में झूठ- फरेब जुमला के साथ-साथ महंगाई, भष्टाचार व अपराध चरम पर बढ़ गया हैं। बैठक में समाजवादी नीतियों को जन-जन तक पहुंचना है। जिसमे समाजवादी पार्टी मजबूत हो। समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी गांव के अंतिम गरीब व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगी और उन्हें विकास के मुख्य धारा में जोड़कर उनका विकास किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेयरमैन नगर पंचायत सिरसा श्याम कृष्ण सिंह (पप्पू यादव) मेजा विधान सभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, लल्लन सिंह (बाबूजी) ,चांद मोहम्मद (चंदू), सना उल्ला खां, अंशु सिंह, पंचूराम निषाद, अधिवक्ता मनीष कुमार भारतीय, राम कैलाश कौनोजिया(नेता जी), श्रीमती गीता गुप्ता, दिलीप विश्वकर्मा, अनिल यादव, मनीष मिश्रा (मोनू) सभासद सिरसा, दीपक सिंह, काशी नरेश यादव,विनोद यादव,आफताब, राजू सिंह, देवेंद्र नाथ शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद मोदनवाल,भगवान दास यादव,दीपक सिंह, मीडिया प्रभारी विनोद विश्वकर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट शिव कैलाश यादव ने किया।



### करछना अपनी लोक संस्कृति को संजोना बहुत जरूरी : बेशरम

**करछना।** हमारे युवा पीढी को अपने समाज के संस्कार और अपनी लोक संस्कृति को संजोना बहुत जरूरी है।आज के बदलते दौर में अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अ?य क्षेत्रों में अपने हुनर और प्रतिभा को निखारने की जरूरत है।इसके लिए शिक्षक,विद्यालय और गुरूओं की अहम भूमिका है।यह बातें बुधवार को सावित्री देवी महिला महाविद्यालय सोनाई में आयोजित बीएड छात्र-छात्राओं की फ्रेशर पार्टी कलरव 2022 के मुख्य अतिथि हास्य कवि अशोक बेशरम ने कही।प्राचार्य डॉ.समीर श्रीवास्तव ने अनुशासन और माता-पिता के प्रति सम्मान जागृत करने की बात कहते हुए अपनी काव्य पंक्तियां प्रस्तुत की-जमी है तुम्हारी ये आस्मा तुम्हारा, सच्चा हौंसला है तो सारा जहां तुम्हारा।इसके पूर्व कीर्ती शुक्ला,रमेश कुमार, हेमलता, विकास, प्रियांशी, दिव्या समेत कई छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत, भाषण, नृत्य और कविताएं प्रस्तुत करते हुए खूब तालियां बटोरी।मिस्टर फ्रेशर के लिए चयनित अभिषेक कुमार पाल और मिस फ्रेश प्रीती सिंह को मुख्य अतिथि और प्राचार्य द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि को भी संस्थान की ओर से उपहार और शाल प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया।इस दौरान महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।कार्यक्रम का संचालन रिंकू पाण्डेय और अंजलि शर्मा ने किया।संयोजक डॉ.अजय सिंह ने सभागार में मौजूद अतिथियों के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया।कलरव 2022 में उदय सिंह, चन्द्रकांत श्रीवास्तव, शिवेन्द्र सिंह, चन्द्रशेखर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रवि सिंह सहित शिक्षक, समाजसेवी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

# धूमधाम से मनाया गया डॉ मुरली मनोहर जोशी का जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**साहित्य संगम वैचारिकी के विशेषांक का हुआ लोकार्पण**



**प्रयागराज।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्र सरकार के काबीना मंत्री रहें डा.मुरली मनोहर जोशी जी के 88वें जन्मदिन पर पूर्व राज्यपाल एवं विधानसभा अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य मे एक महत्वपूर्ण आयोजन मे भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं और अन्य उपस्थित अतिथियों के सानिध्य मे उनका जन्मदिन समारोह संपन्न हुआ ।

इस अवसर पर उन्हे समर्पित साहित्य संगम वैचारिकी पत्रिका के प्रकाशक संपादक आलोक चतुर्वेदी ने एक विशेषांक का प्रकाशन किया जिसका लोकार्पण मा .प .केशरी नाथ त्रिपाठी जी द्वारा किया गया .सभी ने उन्हे जन्मदिन की शुभकामनाएं व्यक्त की और उनके लंबे आयु की अपने संबोधन मे प्रभु से कामना की .पत्रिका मे महत्वपूर्ण लेखको के लेख से डा .जोशी के व्यक्तित्व कृतित्व और चरित्र के माध्यम से उन्हे शुभकामनाएं दी और उनके लंबी आयु की कामना व्यक्त की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उन्हे प्रयागराज मे रहते समय उनके साथ बिताए गए क्षणों को उपस्थित लोगों ने याद करते हुए अपने विचार व्यक्त किए । श्री त्रिपाठी जी ने कहा की प्रयागराज जनपद से डा जोशी का दिल्ली स्थापित होना प्रयागराज के लोगों को सदैव उनकी याद दिलाता रहता है .वो किन्ही भी परिस्थितियो मे वहां रहने लगे हो मगर यहां के लोग उनके दीर्घजीवी एवं सेस्ठ रहने की प्रभु से कामना करता रहेगा .अन्य वक्ताओं डा.शांति भाजपा जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय ,.रणजीत सिंह.देवेन्द्र नाथ मिश्र डा.जोशी के मीडिया प्रभारी.डा.संतोष जैन, अशोक चौधरी, उषा मिश्र प्रधानाध्यापिका प्रयाग महिला विद्यापीठ, राजीव सिंह, प्रबोध मानस एवं डा.जोशी जी से जुड़े हुए अपने संस्मरणों एवं उनकी विद्वता और प्रयागराज मे बिताए हुए उनकी लंबी अवधि से जुड़ी हुई अनेक एवं उल्लेख नीयत अपने अनुभवो एवं संस्मरणों पर अपने उद्गार व्यक्त किए।

इस संबंध मे उल्लेखनीय बात ये रही की डा.जोशी के संदर्भो को लेकर लोगों मे उनके द्वारा जनपद मे विकास कार्यो को संदर्भ बनाते हुए कहां की डा.जोशी ने प्रयागराज जनपद को भारत के अग्रणी शहरो मे शामिल किए जाने और विश्व मे भारत को महाशक्ति बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया.उनके जन्मदिन के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समेटती हुई पत्रिका का विमोचन श्री त्रिपाठी जी से कराते हुए आलोक चतुर्वेदी ने कहा की वें उनके साहित्यिक संस्कारो को समेटने की कोशिश जीवन पर्यन्त करते रहेंगे और उनको संदर्भित अंक का प्रकाशन एवं विमोचन किए ताकि इसके प्रकाशन के माद्यक से हम सभी डा जोशी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व से संदर्भित बने रहें।

### भाजपा के वरिष्ठ पुरोधा मुरली मनोहर जोशी का मनाया जन्म दिन



**करछना।** भारतीय राजनीति के पुरोधा, भाजपा के आधार स्तम्भ और देश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा देने वाले भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री पद्म विभूषण श्रद्धेयवर मुरली मनोहर जोशी का डीहा में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया तथा उन्हे लम्बी उम्र की तथा ईश्वर से उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु प्रदान करने का कामना की गयी। इस अवसर पर भाजपा यमुनापार प्रयागराज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय ने डाक्टर मुरली मनोहर जोशी के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की सराहना की, सहित कार्यक्रम में, नितेश मिश्रा, कमलेश सिंह, सूर्य कान्त मिश्रा, आशीष पाण्डेय, विकास सिंह, शैलेश मिश्रा, राहुल निषाद सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विकास के फलक पर श्रृंगवेरपुर धाम का चमकेगा सितारा

## प्रिभु श्री राम ने श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज गुह को गले लगा कर एकता और समरसता का दिया है संदेश, त्रेता युग में निषाद राज का संदेश श्रृंगवेरपुर धाम में आज भी कायम

**अखंड भारत संदेश**



श्रृंगवेरपुर धाम में शिलान्यास समारोह पर नितिन गडकरी का स्वागत करते लोग।



श्रृंगवेरपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा के झंडे से कुछ इस तरह लिपटा बच्चा।

**लालगोपालगंज।** केंद्र एवं प्रदेश की वर्तमान सरकार ने प्रभु श्री राम और केवट संवाद स्थली के विकास के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर दिए हैं। ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थली को पर्यटकों का केंद्र बनाने की निरंतर जद्दोजहद चल रही है। राम वन गमन मार्ग को जोड़ने के लिए गंगा पर फोरलेन के बनाए जाने वाले पुल का केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आधारशिला रखी। प्रयागराज में सड़कों का जाल बनाया जा रहा है। जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों की कई योजनाओं का शिलान्यास किया गया। श्रृंगवेरपुर धाम में गंगापुर बनाए जाने वाले फोरलेन पुल की आधारशिला रखने के लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राम वन गमन मार्ग से जुड़े ब्रिज का डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ आधारशिला रखी। राम जानकी मार्ग पर योजना के तहत दर्जनों योजनाओं का विधिवत शिलान्यास किया गया। गडकरी और केशव मौर्या ने दीप प्रज्वलित कर शिलान्यास समारोह का शुभारंभ किया। मंचासीन सांसद विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधि और संगठन के लोगों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि श्रृंगवेरपुर धाम में त्रेता युग की वह यादें आज भी कायम हैं। जिसका संदेश प्रभु श्री राम ने केवट को गले लगा कर दिया था। पूरे हिंदुस्तान में विकास ने प्रयागराज में गौरव हासिल किया है। जिसमें नितिन गडकरी जी का सबसे अहम रोल शामिल है। गंगा पर फोरलेन का पुल आज केंद्र एवं प्रदेश सरकार की देन है। प्रयागराज कौशांबी और प्रतापगढ़ में सड़कों का जाल बनाया गया है। जिस प्रकार हंडिया कोखराज गंगा से गुजर रही है। उसी प्रकार एक दूसरी रोड हंडिया कोखराज के लिए जमुना से भी गुजरेगी। लखनऊ राजमार्ग को भी फोरलेन बनाया जाएगा। केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने सड़कों के बनने की क्रांति लाई है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पिछले 50 साल में जो नहीं हुआ। आज उसको केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने 5 वर्ष में पूरा करके दिया है। एक बार डबल इंजन की सरकार और बनाने की आवश्यकता है। संगम नगरी और श्रृंगवेरपुर धाम विकास के फलक पर चमकने वाला है। नमामि गंगे के तहत गंगा को अविरल और निर्मल बनाने का भी मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। घाटों को विकसित किए गए हैं। यह सब कुछ ट्रेलर है। फिल्म अभी बाकी है। इनके अतिरिक्त सांसद विधायक समेत तमाम वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।



श्रृंगवेरपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक के साथ शनि देव धाम के ट्रस्टी संजय तिवारी।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने गिनाईं समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** लंबे अरसे बाद हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में समस्याओं का अंबार लग गया। पुरानी कार्ययोजना, संस्तुतियों और कार्यवाही की चर्चा से इतर पूरी बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं का मुददा हावी रहा। विकास खंड शंकरगढ़ के सभी गांवों से आए क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं गिनाईं, जिसमें सड़क, बिजली, जलनिकासी और छुट्टा पशुओं से निजात की मांग की गई। विकास खंड शंकरगढ़ के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक सभागार में हुई। अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत प्रमुख निर्मला देवी ने की। उन्होंने पुरानी बैठक की कार्यवाही पढ़ी और आज की बैठक को आगे बढ़ाया। लालापुर की महिला बीडीसी ने कहा कि गोइसरा गांव को जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। इसी क्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने किसानों की समस्या उठाई, जिसमें धान खरीद केंद्रों की अव्यवस्था, खरीद न होने से संबंधित रही। इस पर सदन ने उक्त मामले में कार्यवाही के लिए लिखापढ़ी का आश्वासन दिया। इसके अलावा देवरा, जोरवट, नीबी, लोहगरा में बनाए गई गौ संरक्षण केंद्रों के पशुओं को रात में खोले जाने की शिकायत की। साथ ही भोड़ी में गौशाला बनाने की मांग उठाई गई। लोहगरा और चंद्रा के क्षेत्र पंचायत सदस्य ने स्थानीय नाले के सफाई की मांग की। इस मौके पर प्रमुख निर्मला देवी, बीडीओ, एडीओ (पंचायत) दीपेश सिंह, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी, प्रधानसंघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, पूर्व प्रमुख गुलाब कली, प्रधान महेश सिंह, डा. मंगलेश सिंह, पिंटू सिंह, परमेश्वर सिंह, इजाज अहमद, कामद प्रताप सिंह,बीडीसी रामनरेश कुशवाहा, अजय कुमार, कृष्णकांत, कुंवर भारत सिंह, अमृतनाथ, दुदुन त्रिपाठी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने स्नातक परीक्षा वर्ष 2017 में बीएससी प्रथम वर्ष तथा वर्ष 2018 में बीएससी द्वितीय वर्ष तथा 2019 में बीएससी तृतीय वर्ष परीक्षा उत्तरीण की है तीनों वर्ष का अंकपत्र अनुक्रमांक 1730450041186 वास्तव में खो गया है जिस सज्जन को मिले पहुंचाने की कृपा करें।

**रिशु केसरवानी पुत्र संतोष कुमार केसरवानी निवासी पुरानी बाजार भरवारी जनपद कौशांबी**



दीप प्रज्वलित करते स्वामी श्री योगी सत्यम

# क्रियायोग आश्रम में मनाया गया परमहंस योगानंद जी का जन्म दिवस

**प्रयागराज।** क्रियायोग आश्रम में परमहंस योगानंद जी का जन्मदिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया इस उपलक्ष में देश विदेश से साधक क्रियायोग आश्रम में उपस्थित रहे ' पांच जनवरी को महान आध्यात्मिक विभूति और ह्ययोगी कथामृतह्य नामक सद्रगंथ के रचयिता क्रियायोग गुरू श्री परमहंस योगानन्द जी की वर्षगांठ है। विश्व विख्यात आधुनिक युग के सर्वक्षेष्ठ योगी परमहंस योगानन्द जी के आविर्भाव के 129 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष स्वामी श्री योगी सत्यम् जी के निर्देश में सामुहिक ध्यान एवं दीप जलाकर कर मनाया गया। इस अवसर पर सभी को एक सूत्र में बांधने और सत्य-अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्वामी जी ने बताया कि परमब्रहम द्वारा रचित ब्रहाण्ड की विविध क्रिया प्राणाली के संचालन की सुव्यवस्था की गयी है। मनुष्य चेतना के विकास के अनुरूप जीवन जीने के उचित नियमों का मानव के साथ अवतरण होता है, जैसे जैसे मानव विकसित होता है, वैसे वैसे उपयुक्त व नयी शिक्षा प्रणाली का अभ्युदय होता है। स्वामी जी ने आगे कहा कि वर्तमान समय द्वापर युग होने के कारण, मानव की जीवनशैली को विकासोन्मुख रूपान्तरित करने के लिये योगावतार लाहिड़ी महाश्य, ज्ञानावतार युक्तेश्वर गिरि एवं परमहंस योगानन्द का अवतरण हुआ। इनके द्वारा युगानुकूल जीवनजीने की शैली को व्यवस्थित करने के लिये क्रियायोग विज्ञान का प्रचार-प्रसार दिया गया। यदि मनुष्य को अज्ञानता से मुक्ति पानी है तो उसे जन्मदिवस या नव वर्ष दिवस को भारतीय संस्कृति के अनुसार एक पावन पर्व के रूप में मनाना चाहिए। जन्मदिवस के सच्चे स्वरूप में हम सभी मनुष्यों, जीव-जन्तुओं, वनस्पतियों, अणु-परमाणुओं, ऊर्जा की तंरगो का जन्मदिवस एक की समय में एक ही साथ मनाते हैं। उपरोक्त ज्ञान क्रियायोग के अभ्यास से अनुभव हो जाता है। सन् 1920 में बोस्टन के प्राचीन एवं प्रचलित शहर के यूनिटैरियन चर्च के द्वारा द्वितीय धर्म संसद का आयोजन हुआ था, जिसमें योगानन्द जी को धर्म, आध्यात्म एवं विज्ञान के ऊपर अपने विचार को व्यक्त करने के लिये आमंत्रित किया गया। सन् 1920 से 1952 तक परमहंस योगानन्द ने अमेरिका के साथ-साथ अन्य पश्चिमी राष्ट्रों में क्रियायोग का प्रचार-प्रसार किया। योगानन्द जी, जीवन में ही नहीं बल्कि मृत्यु में भी क्रियायोग के अद्भूत प्रभाव को दिखा कर भारतीय संस्कृति को मानव सभ्यता में उच्चतम् स्थान पर स्थापित किया। परमहंस योगानन्द जी ने लॉस एंजेलिस, कॅलिफोर्निया (अमेरिका) में 7 मार्च, 1952 को भारतीय राजदूत श्री विनय रंजन सेन के सम्मान के निमित्त आयोजित भोज के अवसर पर अपना भाषण समाप्त करने के उपरान्त ह्यमहासमाधिह्य में प्रवेश किया। महासमाधि के 20 दिन के पश्चात परमहंस योगानन्द के पार्थिव शरीर में किसी भी प्रकार की विक्रिया नहीं दिखाई पड़ी। 27 मार्च को उनका शरीरिक रूप वैसे ही था, जैसे 7 मार्च को था। इससे यह सिद्ध होता है कि क्रियायोग के प्रभाव से पूरी शरीर निर्विकार हो जाती है। महासमाधि के ठीक पूर्व अपने सम्बोधन में परमहंस योगानन्द जी ने घोषणा कि हे भारत मैं वही आ रहा हूं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कचरी वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत कचरी विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 02-01-2022 से दिनांक 06-01-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत कचरी में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 07-01-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 07-01-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | गुलाब केसरवानी के घर से युवराज के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य (केन्द्रीय वित्त) | 1.76 लाख | 15 दिन |
| 2. | अमरजीत ओझाा के घर से अण्डरग्राउण्ड नाली निर्माण कार्य (मनरेगा) | 4.62 लाख | 30 दिन |

धर्मराज सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कचरी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2021-22/ दिनांक

राम सकल
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कचरी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत निरिया वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत निरिया विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 03-01-2022 से दिनांक 10-01-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत निरिया में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 15-01-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 15-01-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | नहर से जटाशंकर यादव के खेत से श्रीधर यादव के खेत तक सिंचाई हेतु नलकूप की पक्की नाली कार्य | 8.00 लाख | 1 माह |
| 2. | फुलवरिया महादेव मंदिर से शीतला के घर होते हुए तालाब तक पक्की नाली कार्य | 3.00 लाख | 1 माह |
| 3. | पक्की सड़क से तालाब के किनारे होते हुए मुनीम प्रजापति के मंदिर तक खडंजा निर्माण कार्य | 2.50 लाख | 1 माह |

अमृत लाल प्रधानकुसुम देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत निरिया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2021-22/ दिनांक

मनीष सिंह
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत निरिया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत छतहरा घुरेहठा वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेता से दिनांक 06-01-2022 से 12-01-2022 तक सायं 4 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। दिनांक 12-01-2022 को सायंकाल 4.30 पर निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का विवरण | ग्राम पंचायत | योजना/मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य रू. में | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | P.W.D. रोड से पुलिया होते हुए संतलाल के महुआ तक इंटरलाकिंग एवं पुलिया निर्माण | छतहरा घुरेहठा | मनरेगा | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 2. | बब्बू पाल के घर से झरना तक इंटरलाकिंग | छतहरा घुरेहठा | मनरेगा | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 3. | कुआँ से भाई लाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | छतहरा घुरेहठा | मनरेगा | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 4. | काली रोड से कुआँ तक इंटरलाकिंग | छतहरा घुरेहठा | मनरेगा | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 5. | ग्राम पंचायत में आर. सी. सी. बेंच लगवाने का कार्य | छतहरा घुरेहठा | 15वां/पंचम राज्य वित्त | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 6. | पी. एस. एवं यू.पी.एस. में ओपन जिम के पास इंटरलाकिंग | छतहरा घुरेहठा | 15वां/पंचम राज्य वित्त | 350000 | 500 | 7000 | 1 माह |

सामान्य शर्तें :- 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण निविदादाता/ कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जमा करना होगा।4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय दिनांक 12.01.2022 तक पूर्वान्हन 12.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6. सभी कार्यो के लिए अलग-अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 7. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। सामाग्री की मात्रा/धनराशि घट - बढ़ सकती है।

नोट-निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय छतहरा घुरेहठा से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय छतहरा घुरेहठा में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

**विकास सिंह**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत छतहरा घुरेहठा
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/ राज्य वित्त/ मुख्य मंत्री पुरस्कार नि./2021-22/ दिनांक 05.01.2022

**मनोज कुमार**
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत छतहरा घुरेहठा
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कांटी वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेता से दिनांक 06-01-2022 से 12-01-2022 तक सायं 4 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। दिनांक 12-01-2022 को सायंकाल 4.30 पर निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का विवरण | ग्राम पंचायत | योजना/मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य रू. में | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्थायी गोवंश आश्रय स्थल में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कार्य | कांटी | मनरेगा | 300000 | 500 | 6000 | 1 माह |
| 2. | बड़े भाई के घर से मंगला के घर तक इंटरलाकिंग | कांटी | 15वां/पंचम राज्य वित्त | 291000 | 500 | 5820 | 1 माह |
| 3. | अखिलेश के घर से बिहारी लाल पटेल के घर तक इंटरलाकिंग | कांटी | 15वां/पंचम राज्य वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |
| 4. | राम करन के घर से हनुमान प्रसाद के घर तक इंटरलाकिंग | कांटी | 15वां/पंचम राज्य वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |
| 5. | रमाकांत के घर से बलवंत पटेल के घर तक इंटरलाकिंग | कांटी | 15वां/पंचम राज्य वित्त | 150000 | 500 | 3000 | 1 माह |
| 6. | अहमद अली के घर से जयश्री के घर तक इंटरलाकिंग | कांटी | 15वां/पंचम राज्य वित्त | 130000 | 500 | 2600 | 1 माह |
| 7. | मनोज पांडेय के घर से मंदिर के पास तक इंटरलाकिंग | कांटी | 15वां/पंचम राज्य वित्त | 80000 | 500 | 1600 | 1 माह |
| 8. | ललायिन के मंदिर के पास इंटरलाकिंग | कांटी | 15वां/पंचम राज्य वित्त | 100000 | 500 | 2000 | 1 माह |
| 9. | WBM कार्य गोवंश आश्रय स्थल से मुख्य रोड तक | कांटी | 15वां/पंचम राज्य वित्त | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 10. | पंचायत भवन मरम्मत एवं बाउन्ड्री | कांटी | 15वां/पंचम राज्य वित्त | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 11. | CSC निर्माण कार्य | कांटी | 15वां/पंचम राज्य वित्त | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |

सामान्य शर्तें :- 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण निविदादाता/ कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जमा करना होगा।4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय दिनांक 12.01.2022 तक पूर्वान्हन 12.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6. सभी कार्यो के लिए अलग-अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 7. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। सामाग्री की मात्रा/धनराशि घट - बढ़ सकती है।

नोट-निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय कांटी से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय कांटी में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

**लाल चन्द्र**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत कांटी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/ राज्य वित्त/ मुख्य मंत्री पुरस्कार नि./2021-22/ दिनांक 05.01.2022

**श्याम लाल तिवारी**
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कांटी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

# व्यापारियों का रैली के लिये आहवान करने आए मंत्री नंदी पहुंचे पीड़ित व्यापारी के घर

## किशोर व्यापारी की हत्या से क्षुब्ध परिवार को बंधाया ढांढस, दी मदद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल नंदी आज नगर में अफीम कोठी के सभागार में व्यापारियों से आठ जनवरी को कानपुर की रैली में चलने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि मैं मूल रुप से व्यापारी हूं इसलिये व्यापारियों के दर्द को समझता हूं।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों को एकजुट रहना होगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे और विकास होगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी ने लालगंज क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर में गत दिनों व्यापारी मदन केसरवानी के 17 वर्षीय पुत्र अंशू केसरवानी की हत्या के सम्बन्ध में एक ज्ञापन दिया जिसमें व्यापारी के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा, एक व्यक्ति की नौकरी तथा सुरक्षा की मांग की गई है। ज्ञापन देने के बाद मंत्री नंद गोपाल नंदी सगरा सुंदरपुर में पीड़ित व्यापारी मदन केसरवानी के घर जाकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि जब तक अंशू के माता पिता जीवित रहेंगे, मैं अपनी ओर से दस हजार रुपया प्रतिमाह देता रहूंगा।


पीड़ित व्यापारी को ढांढस बंधाते मंत्री नंद गोपाल नंदी।

इसके अलावा व्यापारियों द्वारा दिये गये ज्ञापन को शासन स्तर पर पूरा कराने का प्रयास करुंगा। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के अन्य पदाधिकारियों व सक्रिय सदस्यों में जनपदीय महामंत्री संजय सोनी, राम शंकर जायसवाल, प्रमोद केसरवानी, दूधनाथ सोनी, मुन्ना सोनी, मनोज सिंह, नारायण प्रसाद खण्डेलवाल, अमित केसरवानी, पंकज सोनी, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, सुनील जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## घर में घुसकर मारपीट की घटना पर चार के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने घर मे घुसकर मारपीट गालीगलौज व तोडफोड की घटना को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे मठहा कालूपुर गांव निवासी रामसुफल वर्मा पुत्र स्व. ननकू वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तीन जनवरी को सुबह नौ बजे रंजिश को लेकर गांव के अमरनाथ वर्मा श्यामलाल वर्मा, सीता देवी व नीतेश एकराय होकर उसके दरवाजे पर आ धमके। आरोपियो ने घर मे घुसकर पीडित को जमकर मारापीटा तथा घर मे तोडफोड किया। शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अमरनाथ वर्मा समेत चार लोगों के खिलाफ गाली-गलौज व मारपीट तथा तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

# नगर पालिका अपने विस्तारित क्षेत्रों का विकास करने को तत्पर : प्रेमलता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका अपने विस्तारित क्षेत्र में निरंतर विकास की ओर कदम बढ़ा रही है। इसी क्रम में मंगलवार की देर शाम पूरे केशवराय में शिव मंदिर के समीप तथा करोंजी में हाईमास्ट का उद्घाटन करते हुए नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने कहा कि आज से इन क्षेत्रों में अंधेरा समाप्त हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि रात भर इस क्षेत्र में उजाला रहेगा। अध्यक्षा ने आश्वस्त किया कि अब यह क्षेत्र नगर पालिका क्षेत्र में आ गया है। इसका समुचित विकास किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों की सभा को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने कहा कि नगर पालिका प्रदेश व देश में हो रहे विकास की तर्ज पर विकास की ओर अग्रसर है। क्षेत्र के लोगों की मांग पर पूरे केशवराय के तालाब का सौन्दर्यीकरण कराये जाने का भी भरोसा दिया। सभा में उपस्थित अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि पूरे केशवराय वार्ड में विद्युतीकरण किया जाएगा। इस क्षेत्र के विकास के लिये नगर पालिका संकल्पबद्ध है। सभा का संचालन ज्वाला सिंह ने किया। इस अवसर पर लल्लू सिंह बीडीसी, प्रमोद सिंह के अलावा सभासद ज्ञानेश मिश्रा, गायत्री शुक्ला, आशुतोष सिंह, दीपक तथा नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, मिथिलेश सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। बता दें कि कुछ ही दूर पर मेडिकल कालेज प्रारंभ होने के कगार पर है। मेडिकल कालेज के आसपास के गांव अब जगमग रहेंगे। इससे लोगों को सुविधा भी मिलेगी।

## पूरे केशवराय व करोंजी में हुआ हाईमास्ट का उद्घाटन



हाईमास्ट लोकार्पण में मौजूद नपा अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह।

# ट्रेन से कटकर युवक ने की आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पंजाब मेल ट्रेन से उतरे एक युवक ने उसी की नीचे गर्दन डालकर आत्म हत्या कर ली। घटना के बाद रूट बाधित हो गया। सूचना पर पहुंची आरपीएफ, जीआरपी ने शव को ट्रैक से हटवाया। शव की शिनाख्त की जा रही है।

जानकारी के अनुसार बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे नया मालगोदाम क्रासिंग के पास रेलवे लाइन में युवक की सिर कटी लाश देखकर वीएल पैसेंजर ट्रेन के ड्राइवर ने ट्रेन को रोक दिया। उसने घटना की सूचना एसएम आउट डोर को दी। आउट डोर से गार्ड मोहम्मद अनीश ने बिना समय गवाएं जीआरपी और आरपीएफ को फौरन सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को हटाया। करीब 30 मिनट बाद ट्रेन रवाना हुई। प्रत्यदर्शियों ने पुलिस को बताया है कि मरने वाला पंजाब मेल से उतरा था। उसके बाद दौड़ते हुये उसने उसी ट्रेन के अंदर अपनी गर्दन डाल दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस सच्चाई का पता लगा रही। मरने वाले की पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जमीन के विवाद को लेकर दी धमकी, चार के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने जमीन के विवाद को लेकर जानलेवा धमकी मेड़ तोडकर अवैध कब्जा किये जाने को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली घरौरा गांव निवासी मो. रज्जाक पुत्र मिनहाजुददीन ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गांव के जामिद अली आदि से उनका जमीन का विवाद चल रहा है। इसे लेकर बीते बारह दिसंबर को जामिद अली व उनकी पत्नी मीना तथा मिनहाज अली, नाजिम अली, सहीद ने जबरिया उसके खेत का मेड़ तोड दिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने विरोध किया तो उसे आरोपियो ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार को जामिद समेत चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला कांग्रेस की कार्यकताओं ने मैं लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ पर निकाली गयी जागरूकता रैली

## विधायक मोना के संदेश के जरिए प्रियंका गांधी के प्रतिज्ञा घोषणा की दी गयी जानकारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुरखास विधानसभा मे बुधवार को महिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले मैं लड़की हूं, लड़ सकती हूं के तहत जागरूकता रैली निकाली गयी। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के निर्देश पर निकलीं रैली मे प्रियंका गांधी के प्रतिज्ञा संकल्पों को लेकर जागरूकता प्रदान होती दिखी। जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सरोज कश्यप के नेतृत्व मे महिलाओं ने विधायक मोना के कैम्प कार्यालय से नगर के इंदिरा चैक होते हुए सीएचसी गेट व कालाकांकर हाइवे पर हाथ मे कांग्रेस झण्डे व प्रियंका गांधी के प्रतिज्ञा स्लोगन के साथ जागरूकता रैली निकाली। इंदिरा गांधी पार्क मे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष सरोज कश्यप ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था के बिगड़ते हालात के चलते आज बहन बेटियां कहीं भी सुरक्षित नही हैं। उन्होने विधायक आराधना मिश्रा मोना के नेतृत्व मे महिलाओं के अधिकार के लिए पार्टी के द्वारा जारी संघर्ष को और तेज किये जाने का आहवान किया। विधायक प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने भी अपने संबोधन मे कांग्रेस के द्वारा महिलाओं के लिए विशेष चुनावी घोषणा पत्र पर प्रकाश डाला। वहीं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से भेजे गये संदेश के जरिये प्रतिज्ञा घोषणा के बिंदुओं की भी जानकारी दी गयी। रैली मे शामिल महिला कांग्रेस की कार्यकत्रियां सोनिया प्रियंका व राहुल तथा प्रमोद तिवारी जिंदाबाद के नारे भी लगाती दिखी। संचालन विधानसभा इकाई अध्यक्ष साधना गौतम ने किया। स्थानीय ब्लाक अध्यक्ष अमरावती गौतम ने आभार जताया। इस मौके पर उर्मिला, रजवंता सिंह, सोनम, मंदाकिनी तिवारी, शबनम, शकुंतला, विद्या, चटकीला आदि रहीं। नगर इकाई अध्यक्ष साधना गौतम ने कार्यक्रम का संयोजन किया। नगर मे महिला कांग्रेस की जागरूकता रैली मे ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र से भारी तादात मे महिलाओं की भागीदारी को देख आयोजक भी गदगद दिखे। वहीं रैली को लेकर पुलिस व पीएसी को भी नगर के नेशनल हाइवे पर मुस्तैद देखा गया।



लालगंज में जागरूकता रैली निकालती महिला कांग्रेस की कार्यकत्री।

# वैदेही ने राम कथा में सुनाया शिव विवाह प्रसंग

## आध्यात्मिक भजनों का श्रोताओं ने किया रसपान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगरपंचायत के जगदीश मैरिज हाल में चल रही रामकथा के दूसरे दिवस चित्रकूट धाम से पधारी मानस चातिकी बैदेही जी ने शिव विवाह का प्रसंग सुनाया। शशि ललाट सुंदर सिर गंगा,नयन तीनि उपबीत भुजंगा का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए उन्होंने शिव के विवाह के समय उनके श्रृंगार और बारातियों का मनोरम दृश्य अपनी कथा के माध्यम से प्रस्तुत किया। कोउ मुखहीन विपुल मुख काहू जैसी चैपाई से शिव विवाह में शामिल बारातियों की झांकी जहां लोगों को अधिक पसंद आई वहीं भगवान शंकर द्वारा उनके आराध्य श्री राम की भक्ति और राम नाम के महात्म सुन लोग भावविभोर हो उठे।देवताओं के निवेदन पर जग कल्याण हेतु भूतभावन भोलेनाथ जिस समय बारात लेकर माता पार्वती जी के यहां चले उस समय वहां से लोग डर के मारे भागने लगे थे ,चारों तरफ अफरा तफरी का माहौल हो गया था।हिमालय राजा ने भगवान से हांथ जोड़कर सभी को शांत रहने का निवेदन किया तब शिव बाराती माने। बैदेही जी ने सम्पूर्ण शिव विवाह को एक धार्मिक उत्सव के सदृश श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया।कथा के पूर्व मुख्य यजमान अंजनी कौशल एवं जय कौशल द्वारा आरती पूजा की गई।बैदेही जी ने क्षेत्र के पुरुषोत्तम शुक्ला,विनोद मिश्रा,सर्वेश त्रिपाठी,कैलाश नाथ तिवारी,राम अभिलाष यादव,सुधीर कुमार मिश्रा सहित तमाम वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान भी किया।इस दौरान राजा शुक्ला,किशोर पारीक, बाबा नरेंद्र ओझा,अभिषेक पाण्डेय अंजनी अमोघ,अनूप प्रतापगढ़ी, चंद्र प्रकाश मिश्र,जगदीश दुबे,हरीश शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


रामकथा में शिव विवाह का प्रसंग सुनातीं मानस चातिकी बैदेही।

## ठण्ड से महिला की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली लालगंज के उमापुर गांव मे बुधवार सुबह ठण्ड से महिला की मौत हो गयी। पुलिस को सूचना दिये बिना परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। लालगंज कोतवाली के उमापुर गांव निवासी घनश्याम वर्मा के अनुसार बीती मंगलवार की शाम उनकी पत्नी सरिता 25 ने ठण्ड की शिकायत किया। इस पर स्थानीय चिकित्सक से उसका इलाज कराया गया। लेकिन उसकी हालत मे सुधान नही हुआ और बुधवार सुबह करीब पांच बजे उसकी हालत बिगड़ गयी। स्वजन उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसकी सांसे थम गयी। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिये बुधवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इधर पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।

# सदर विधायक ने प्रशिक्षणार्थियों को बांटे टूल किट



परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बोलते सदर विधायक राजकुमार पाल।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 के आंवला उत्पाद से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थियों को निशुल्क टूल किट का वितरण मुख्य अतिथि सदर विधायक राजकुमार पाल के द्वारा जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र परिसर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में प्रशिक्षार्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद योजना के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनने का मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चैरसिया द्वारा एक जनपद एक उत्पाद के विषय में विस्तार से अतिथियों व प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया गया। इसी के साथ प्रशिक्षार्थियों को प्राप्त टूलकिट के माध्यम से उन्नत आंवला उत्पाद तैयार करने के गुण बताए गए। कार्यक्रम में आंवला उद्यमी चंद्र प्रकाश शुक्ला, मो0 अनाम, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य द्वारा भी प्रशिक्षार्थियों को संबोधित किया गया। वितरण कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक हरि नारायण सिंह यादव, कफील अहमद आदि भी उपस्थित रहे।

# हाईटेंशन तार दे रहा हादसे को दावत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विद्युत उपकेंद्र कालाकांकर 33/11 के अंतर्गत सीएचसी कालाकांकर में अस्पताल के मुख्य गेट के सामने लगा तीन फेस का हाईटेंशन बिजली का तार कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है क्योंकि अस्पताल के मुख्य गेट पर मरीजो की भीड़ भाड़ अधिक लगी रहती है जिससे बिजली के नंगे खुले तार से किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घट सकती है। जब कि बिजली के गेट के सामने लगे बिजली तार को सामने से हटाने के लिए चिकित्सा प्रभारी डॉ0 मनोज कुमार वर्मा ने बिजली विभाग के जेई एसडीओ व अधिशाषी अभियंता को लिखित शिकायत किया लेकिन विभाग ने अभी तक अस्पताल के मुख्य गेट के सामने लगा बिजली के तार को वहां से नही हटा सका जब कि अस्पताल से चंद कदम की दूरी पर पवार हाउस है जहां जेई व एसडीओ आते जाते रहते है फिर अस्पताल के मुख्य गेट के सामने लगा बिजली के तार को वहां से नही हटा सका लगता है विभाग किसी बड़ी घटना होने का इंतजार कर रहा है जब कि कुछ माह पूर्व बिजली का तार टूटकर गिर गया था जिसमे भीड़ कम होने के कारण स्टाफ व मरीज बाल बाल बच गए फिर भी विभाग कुंडली मारकर बैठा हुआ है जब कि मुख्य गेट के सामने ट्रांसफार्मर भी लगा हुआ है जिसकी बिजली की केबिल सप्लाई नीचे से लाकर दी गयी है जिसमे मवेशी की मौत भी चुकी है। अस्पताल के समस्त स्टाफ ने एक बार फिर अधिशाषी अभियंता का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## जेब कतरे ने युवक को 32 हजार रुपया उड़ाया

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर के बस स्टेशन से ई-रिक्शा बुक करके जिरियामऊ जाने के लिये सवारी बैठी। इसी दौरान रास्ते में ई रिक्शा चालक ने दूसरी सवारी भी बैठा लिया। सौ मीटर जाने के बाद वह युवक सवारी का जेब में रखा 32 हजार रुपया जेब काटकर फरार हो गया। जब सवारी को पता चला तो उसने रिक्शा रोककर अपना जेब देखा तो होश उड़ गये। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के राजापाल टंकी के पास का है। मामले की जानकारी होने पर पुलिस पहुंची। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# ट्रेनों पर कोरोना कसने लगा पंजा, भारत दर्शन स्थगित

## आज प्रतापगढ़ आनी थी सात ज्योतिर्लिंग के टूर पर जाने वाली ट्रेन, कोरोना की वजह से आईआरसीटीसी को स्थगित करनी पड़ी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सात ज्योतिर्लिंग समेत देश के दर्जन भर दार्शनिक और पर्यटनीय स्थलों के टूर के लिए आने वाली भारत दर्शन स्पेशल ट्रेन बुधवार को स्थगित कर दी गई। महाराष्ट्र और आसपास कोरोना केस में हो रहे इजाफे और मंदिरों में दर्शनों को लेकर शुरू होने वाले प्रतिबंधों की वजह से यह फैसला लिया गया है। ऐसा आईआरसीटीसी का मानना है।

देश मे तेजी से बढ़ रहे कोरोना के केस ने एक बार फिर से ट्रेनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा सकता है। भारत दर्शन स्पेशल ट्रेन का आज न आना इसकी ओर इशारा करता है। भारत दर्शन पर निकली ट्रेन जो अब फिलहाल रद्द है। जिनको चार जनवरी को गोरखपुर से चलना था। बनारस, प्रतापगढ़ लखनऊ होते हुये जाती। चार से लेकर सोलह जनवरी तक का पैकेज टूर था। ट्रेन को पांच जनवरी को प्रतापगढ़ पहुंचना था। इस बारे में अजीत कुमार सिन्हा मुख्य रीजनल मैनेजर लखनऊ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि चार जनवरी वाली भारत दर्शन ट्रेन को कोरोना संक्रमण की वजह से फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। अब यह 22 मार्च को चलेगी।



## 70 प्रतिशत राजी, होगा रिफंड

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** इस ट्रेन से सफर पर जा रहे करीब 70 प्रतिशत यात्री यात्रा को स्थगित करने के मूड में नहीं थे। वे टूर पर जाने के इच्छुक थे। कोरोना के चलते आईआरसीटीसी ने जब यात्रियों का व्यू जानना चाहा तो तीस प्रतिशत से भी कम मुसाफिर थे। जो 22 मार्च के बाद भी यात्रा करने को तैयार नहीं दिखे। अधिकारियों का कहना है कि इनको रिफंड होगा।

## रेल प्रशासन नहीं कर रहा सहयोग, टेस्ट से भाग रहे यात्री

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कोरोना का टेस्ट फ्री हो रहा इसके बाद भी लोग बेफिक्र बने है और इसके टेस्ट से दूरी बनाये हुये हैं। उनको लगता है सब कुछ नार्मल है। लेकिन ऐसा नहीं है। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर मेडिकल स्टाफ को इसके लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ट्रेनों से आने और जाने वाले यात्रियों को कोविड के संक्रमण से बचाने के लिए हेल्थ विभाग की टीम स्टेशन पर लगी है। मजे की बात यह है कि यात्रियों की टेस्टिंग कराने में रेल प्रशासन भी रुचि नहीं दिखा रहा है। लोग दूसरे रास्तों से निकल जाते है। जांच कर रही टीम को अगर जीआरपी, आरपीएफ स्टाफ का सपोर्ट मिल जाय। ट्रेन के वक़्त अगर सिपाही गेट पर खड़े हो जाये तो अधिक से अधिक यात्रियों की कोविड की जांच हो सकती है। बुधवार को फार्मासिस्ट विवेक सिंह की अगुवाई में टीम ने यात्रियों की एंटीजन और आरटीपीसीआर जांच की। कोई यात्री कोरोना के लक्षण वाला नहीं मिला।

## खबर संक्षेप

### गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शिवलाल लोधी पुत्र जगल पाल निवासी दानपुर थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम नाजायाज गांजा बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दीपू उर्फ पवन दुबे पुत्र बृजभूषण दुबे निवासी छोटी गढ़वा थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 550 ग्राम नाजायाज गांजा बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिनमें 141 वाहनों का ई चालान किया गया एवं 07 वाहनों का चालान कर 3500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लंघन पर कार्यवाही करते हुये 01 व्यक्ति से 250 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

# मतदान केंद्र का अपर पुलिस महा निदेशक ने देखी व्यवस्था

### कौशाम्बी कप्तान के संग अपर पुलिस महानिदेशक ने किया बूथों का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एडीजी जोन

**कौशाम्बी।** विधानसभा सिराथू क्षेत्र के अझुआ कस्बे के मतदान केंद्र हनुमान इंटर कॉलेज का अपर पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधीक्षक के साथ निरीक्षण कर ब्यवस्था को देखा और जिम्मेदारों को जरूरी दिशा निर्देश दिया विधानसभा मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद निर्वाचन आयोग ने सभी बूथों पर प्रकाशन करने के लिए निर्देश दिए थे जिसके तहत सिराथू क्षेत्र के 432 बूथों में सुपरवाइजर की मौजूदगी में बूथ लेवल अधिकारियों ने सूची का प्रकाशन किया। एडीजी जोन प्रयागराज प्रेम प्रकाश ने बनाए गए मतदान केंद्रों में बिजली ,पानी सहित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभय प्रताप सिंह डिग्री कालेज पहुंचकर निर्वाचन के कार्य मे लगे अधिकारियों कर्मचारियों के रुकने की जगह की व्यवस्था देखी इसके बाद अझुआ मे बने मतदान केंद्र हनुमान इंटर कालेज पहुंचकर बनाए गये 8 बूथों में व्यवस्थाओं का उन्होंने मुआयना किया और निर्वाचन कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए इसके बाद कस्बे के पुलिस चौकी पर पहुंचकर अभिलेखों के रखरखाव व परिसर की साफ सफाई की व्यवस्था को देखा क्राइम रजिस्टर को देख कर क्रिमिनल को चुनाव के दौरान पाबंद करने की सूची तैयार करने को कहा उपस्थित लोगों को सुझाव दिया कि चुनाव में किसी तरह गड़बड़ी देख सी-विजिल स्त्र में शिकायत दर्ज कराए 100 मिनट के अंदर समाधान किया जाएगा महिलाओं के पिंक बूथ बनाया जाए,वहां कर्मचारी महिलाएं ही रहेंगी वृद्ध असहाय ऑनलाइन रजिस्ट्रेसन करना होगा जिससे घर बैठे मतदान कर सकें इस मौके पर क्षेत्राधिकारी योगेंद्र कृष्ण नारायन इंस्पेक्टर तेजबहादुर सिंह चौकी प्रभारी बृजेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# उपभोक्ताओं के जमा धन से बैंक की कटौती का साधन बन गया एटीएम

अखंड भारत संदेश

**बैंक ग्राहकों के खातों से एटीएम के नाम पर कटौती की आड़ में हजारों करोड़ का अवैध व्यवसाय बैंक कर रहे हैं**



**कौशांबी।** आम जनता को उनके जमा धन निकासी की सुविधा देने के मकसद से जगह-जगह पर बैंक शाखाओं ने एटीएम मशीन लगाई थी लेकिन बैंक शाखाओं द्वारा एटीएम मशीन लगाए जाना महज बैंक का ढकोसला बनकर रह गया है ज्यादातर एटीएम मशीनें खराब रहने पर उन्हें बनाने वाले नहीं हैं एटीएम मशीन में रकम नहीं होती है जिससे निकासी के लिए लोगों को बार-बार एटीएम मशीन पहुंचना पड़ता है इतना ही नहीं अधिकतर एटीएम मशीन को शाम को बैंक कर्मियों द्वारा बंद कर दिया जाता है जनपद मुख्यालय मंझनपुर की स्थिति इतनी खराब है कि यूनियन बैंक का एटीएम चौराहे पर जिला पंचायत परिसर में लगाया गया है लेकिन 2 महीने से अधिक बीत जाने के बाद यूनियन बैंक के एटीएम के बंद शटर का ताला नहीं खुल सका है जबकि सूत्र बताते हैं कि एटीएम में गार्ड की ड्यूटी लगाई गई है जिससे प्रत्येक महीने वेतन भी दिया जाता है भारतीय स्टेट बैंक मंझनपुर का एटीएम बीते 2 दिनों से बंद है यही स्थिति बैंक आफ इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा पंजाब नेशनल बैंक सहित विभिन्न बैंक के एटीएम की है जहां एटीएम लगाने के नाम पर बैंक बड़ी रकम खर्च कर रहा है लेकिन बैंक ग्राहकों को एटीएम की सुविधा नहीं मिल पा रही है आपातकालीन में बैंक में जमा रकम निकालने में बैंक ग्राहकों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है। एटीएम कार्ड जारी करने के नाम पर बैंक ग्राहकों के खातों से ऑनलाइन बैंक द्वारा कटौती कर ली जाती है लेकिन उन्हें एटीएम की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाती है। बैंक ग्राहकों के खातों से एटीएम के नाम पर कटौती की आड़ में हजारों करोड़ का अवैध व्यवसाय बैंक कर रहे हैं । एटीएम की पूरी सुविधा दिए बिना ग्राहकों के खातों से कटौती किए जाने का यह मामला बेहद गंभीर है और अधिकारियों द्वारा बिना एटीएम सुविधा दिए ग्राहकों की कटौती कर हजारों करोड़ की रकम की धोखाधड़ी करने के मामले में केंद्र प्रदेश सरकार को जांच कराए जाने की जरूरत है लेकिन ग्राहकों के साथ एटीएम के बाहने की जाने वाली ठगी के बाद भी केंद्र प्रदेश सरकार गंभीर नहीं है। एटीएम बंद करके भाग जाने वाले बैंक के अधिकारियों के कारनामों की केंद्र प्रदेश सरकार ने जांच कराई तो मंझनपुर मुख्यालय के विभिन्न बैंक के साथ-साथ जनपद के अन्य कस्बे भरवारी सिराथू सराय अकिल अझुवा पश्चिम सरीरा मनौरी चरवा मूरतगंज करारी सैनी तिल्हापुर मोड़ चायल क्षेत्र के भी बैंक के अधिकारियों का एटीएम विरोधी कारनामा उजागर होगा।

# प्रभु श्री राम और हनुमान जी जहां भी रहेंगे वहां शांति सद्भाव एवं प्रेम होगा : विधायक संजय

### भरवारी में 45 लाख की लागत से बने हनुमत निकेतन का विधायक ने किया लोकार्पण

अखंड भारत संदेश




लोकार्पण करते विधायक संजय गुप्ता उपस्थित आमजन

**कौशाम्बी।** विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने बुधवार को भरवारी के पुरानी बाजार में हनुमत निकेतन का भव्य लोकार्पण किया विधायक ने कहा की हमारी सरकार ने सनातन परंपरा को जीवंत किया। एक तरफ जहां अयोध्या में राम मंदिर निर्माण हो रहा है वहीं दूसरी तरफ काशी कॉरिडोर का कायाकल्प हो गया। इसी कड़ी में आज भरवारी में श्री रामलीला कमेटी के नवनिर्मित भवन का भव्य लोकार्पण किया भरवारी नगर वासियों को सौगात दिया उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम और हनुमान जी जहां भी रहेंगे वहां शांति-सद्भाव एवं प्रेम होगा। दरिद्रता नहीं होगी। चायल विधानसभा की प्रत्येक जनता आज संपन्नता को महसूस करती है। यह सब प्रभु श्रीराम की कृपा से हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गंगा प्रसाद उर्फ काले पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भरवारी रमेश अग्रहरी प्रांतीय व्यापार मंडल अध्यक्ष, अशोक केसरवानी, राधा कृष्ण केसरवानी श्रीमती सुशीला केसरवानी, प्रवेश केशरवानी, शंकरलाल केसरवानी, सुधीर केसरवानी, वेदांत उपाध्याय, जीतू केसरवानी, पंकज केसरवानी, उपांशु केसरवानी,सत्यम कौशल सहित भरवारी के नगरवासी उपस्थित रहे।

## 2658 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

**कौशांबी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का 6 जनवरी को भरवारी क्षेत्र के सकाढा के पास आगमन हो रहा है इस दौरान वह एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और मंच के माध्यम से 2658 करोड़ों 69 लाख ररुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे इस मौके पर राम वन गमन मार्ग का केंद्रीय मंत्री द्वारा शिलान्यास किया जाएगा कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या भी उपस्थिति रहेंगे पत्रकारों से वार्ता करते हुए चायल विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि चायल विधानसभा क्षेत्र से लगभग 20 हजार भीड़ का लक्ष्य रखा गया है और पूरे जिले से 50 हजार भीड़ का लक्ष्य है उन्होंने कहा कि मौसम के बदलते माहौल के चलते परिस्थितियों में बदलाव हो सकता है।

# अवैध तमंचा के साथ पांच अभियुक्त हुए गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ पांच अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त पंचम पासी पुत्र स्व० मुंशी पासी निवासी हटवारा रामपुर मडुकी थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद तमचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद होने पर अभियुक्त के खिलाफ कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया है।

इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राजकुमार सरोज पुत्र बचई सरोज निवासी टिकरा थाना महेवाघाट को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 03 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नन्हका उर्फ असरफी लाल पुत्र मसुरियादीन निवासी रमचौरा मजरा चमन्धा थाना कोखराज को 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अपताब उर्फ सोनु पुत्र छेदन मुस्ताक निवासी हजरतगंज कस्बा व थाना करारी को 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शारदा प्रसाद लोधी पुत्र स्व० भुलई लोधी निवासी दानपुर थाना पश्चिम शरीरा के कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## न्यूज झरोखा

### डीएम ने किया जवाहर नवोदय विद्यालय का निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय टेंवा का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य से स्टॉफ की संख्या एवं छात्रों की संख्या आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं नियमित मेन्टीनेन्स कराने के निर्देश दिये उन्होंने कम्प्यूटर कक्ष के निरीक्षण के दौरान छात्र एवं छात्राओं को कम्प्यूटर से सम्बन्धित प्रशिक्षण जानकारी देने के भी निर्देश दिये उन्होंने छात्र एवं छात्राओं से वार्ता की तथा अध्यापकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिये।

### आईजी ने किया कोखराज थाने का निरीक्षण



**कौशाम्बी।** पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र डॉक्टर राकेश सिंह द्वारा आज दिनांक 05 जनवरी को जनपद कौशाम्बी के थाना कोखराज का भ्रमण निरीक्षण किया इस दौरान निमार्णाधीन आवासों, कार्यालय, बैरकों, मालखाना एवम चुनाव सम्बन्धी अभिलेखों का निरीक्षण करते हुये अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।इस अवसर पर सीओ चायल प्रभारी निरीक्षक थाना कोखराज गणेश प्रसाद सिंह व थाना के सभी उपनिरिक्षक व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने पेंशन राशि का किया ऑनलाइन हस्तान्तरण



**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अन्तर्गत 98.284 लाख लाभार्थियों को कुल 2955.36 करोड़ पेंशन राशि ऑनलाइन हस्तान्तरण किया गया इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एनआईसी में किया गया तथा उपस्थित लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

### अश्वनी यादव बने सपा छात्रसभा में विशेष आमंत्रित सदस्य



**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से समाजवादी छात्रसभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा यादव ने छात्रनेता अश्वनी यादव को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है अश्वनी मूलतः कौशाम्बी के नरेन्द्रबारा के निवासी हैं अश्वनी यादव के विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने की जानकारी मिलने पर उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है।

### चालक और ट्रांसपोर्टर की नहीं हुई गिरफ्तारी

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज के व्यापारी राम बाबू केसरवानी की फर्म सार्थक ट्रेडिंग कंपनी से धान लेकर जाने वाले ट्रक मालिक और ट्रांसपोर्टर ने धान बेच लिया था मामले की शिकायत व्यापारी ने पुलिस से की काफी दिनों बाद पुलिस ने आरोपी ट्रांसपोर्टर ट्रक मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है घटना को डेढ़ महीने से अधिक बीत चुके हैं लेकिन आरोपी ट्रांसपोर्टर और चालक की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है। बताया जाता है कि कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बा निवासी रामबाबू केसरवानी की फर्म सार्थक ट्रेडिंग कम्पनी से दो लाख रुपये कीमत का धान लेकर 23 नवंबर को ट्रक नंबर यूपी70 टी 3766 जीएस सोटैक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड हरदोई के लिए ट्रक चालक इरफान निकला था व्यापारी का माल जहां पहुंचाया जाना चाहिए वहां ट्रक चालक लेकर माल नहीं पहुंचा काफी प्रयास के बाद भी जब माल नहीं पहुंचा तो व्यापारी को आशंका हुई कि उसके साथ मालिक ट्रांसपोर्टर और चालक ने मिलकर हेराफेरी की है ट्रक चालक हरदोई नहीं पहुंचा जानकारी करने पर मालूम हुआ कि ट्रक चालक और मालिक की नियत पहले से खराब थी और व्यापारी के माल को हड़प लिया है व्यापारी की कड़ी मेहनत के बाद कोखराज थाना पुलिस ने आरोपी ट्रांसपोर्टर ट्रक मालिक चालक के विरुद्ध अमानत में खयानत आईपीसी की धारा 406 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन अभी ट्रांसपोर्टर आरोपी चालक की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है मामले में इलाहाबाद के ट्रांसपोर्ट न्यू भारत रोड लाइन मुंडेरा भी आरोपी है।

### अवैध शराब के साथ आठ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 165 लीटर अवैध शराब के साथ आठ अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनका चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बच्चा लाल पुत्र लूलू निवासी व थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 25 लीटर अवैध शराब व रोशन लाल सरोज पुत्र हंसराज सरोज निवासी फैजीपुर के कब्जे से 25 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार पुत्र गिरधर निवासी बारातफारिक थाना मझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 30 लीटर अवैध शराब व यसवन्तशील पासी पुत्र रामरतन निवासी अमावॉ पश्चिम के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व भवई पुत्र मुन्नी लाल निवासी बारा नगर थाना कडाधाम के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बुद्धि प्रसाद पुत्र शारदा प्रसाद निवासी चेक हिंगुई थाना करारी को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व कनछेदन निवासी अवाना आलमपुर थाना करारी के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना कड़ा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बनवारी लाल पुत्र दुलारे निवासी अधाकापुर थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 05 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# मंझनपुर विधान सभा : बसपा की आंधी में उडेंगे विपक्षी दल : पूर्व मंत्री

### कुम्हियावां में गरजे बसपाई, कहा कि गरीबों, किसानों, मजलूमों की हितैषी हैं बहन जी : नीतू कनौजिया

अखंड भारत संदेश



कार्यक्रम को संबोधित करती डॉ नीतू कनौजिया व मंच पर उपस्थित पदाधिकारी

**कौशाम्बी।** मंझनपुर विधान सभा अंतर्गत कुम्हियावां व घोप का पूरा में बुधवार को बहुजन समाज पार्टी की एक जनसभा आयोजित हुई। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री बाबूलाल भौंरा रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मंझनपुर विधान सभा में जिस तरह से बसपा की आंधी देखने को मिल रही है उससे साफ है कि 2022 के विस चुनाव में गैर बसपाईदल हवा में उड जाएंगे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री भौंरा ने कहा कि फ्री में राशन दे देने से ही जनता को सुबकुछ नहीं मिल जाता। यह तो सिर्फ लॉली पॉप है। जनता को जमीन में विकास चाहिए। नौजवान को रोजगार चाहिए। किसान को समुचित खाध, बिजली, पानी चाहिए। गरीब फरियादियों को न्याय चाहिए। आखिर भाजपा इनकी बात क्यों नहीं करती है। सरकारी कार्यालयों चक्कर काट-काटकर गरीब, वंचित अपना हक अधिकार पाने को भटक रहा है। थानों में गरीबों मजलूमों की एक नहीं सुनी जा रही है। सरकारी अस्पतालों में मानक के अनुसार डाक्टरों की तैनाती नहीं है, तो क्या सब कुछ फ्री में राशन दे देने से हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ यदि कोई दिया है और दे सकता है तो वह बसपा शासनकाल और बसपा सुप्रिमो बहन मायावती। जनता ने देखा भी है कि बसपाशासन काल में किस तरह से सरकारी अफसर काम करते थे, गरीब शिक्षित नोजवानों के लिए रोजगार दिया जा रहा था लेकिन जब से प्रदेश से बसपा सरकार हटी यह सब गुजरे जमाने की बात लगने लगी है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बसपा नेत्री व मंझनपुर विधान सभा प्रत्याशी डॉ. नीतू कनौजिया ने कहा कि सपा, भाजपा की सरकारों से आजिज जनता अब प्रदेश में बदलाव कर फिर वही राज और शासन लाने को बेताब है। उन्होंने मौजूद जनता से अपील किया कि हक, अधिकार, न्याय, रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य और खुशहाल किसान के लिए 2022 में बसपा की सरकार बनाना जरूरी है। इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष संतोष गौतम ने गैर बसपाईदलों पर जमकर भडास निकाली। कार्यक्रम को बसपा वरिष्ठ नेता महेंद्र गौतम, शैलेंद्र गौतम ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान रामु सरोज, बंशीलाल चौधरी, दिलीप चौधरी, बच्चीलाल, महताब आलम, मोतीलाल अंबेडकर, दी.पी मौर्या, सुधा, सुमन, रवि, सोहेल, सन्याशी, मानिक लाल, सुनील पटेल, संदीप, श्यामलाल, ओपी निषाद, धनेश सिंह, अनिल, देवली सरोज सहित हजारों की संख्या में भीड मौजूद रही।

# कहने को नगर पालिका परंतु परिवहन बस एक भी नही !

### क्या जनता के प्रतिनिधि इस ओर देगे ध्यान, यात्री दो किलोमीटर से आते है पैदल

अखंड भारत संदेश



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी कस्बे के यात्री सरकारी बस की समस्या से जूझ रहे हैं भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही भरवारी कस्बे की रोडवेज बस कस्बे में आना बंद हो गई जिससे नगर वासी साढ़े 4 वर्षों से सरकारी बस की सुविधा से वंचित हो गए हैं बार-बार मांग किए जाने के बाद भी रोडवेज के अधिकारी तानाशाही से बाज नहीं आ रहे हैं जिलाधिकारी की मीटिंग में भी व्यापारियों ने रोडवेज के अधिकारियों की तानाशाही की बात रखी जिस पर जिलाधिकारी ने रोडवेज अधिकारियों को भरवारी नगर में बस भेजने का निर्देश दिया लेकिन जिला अधिकारी का निर्देश भी रोडवेज अधिकारियों के ठेंगे पर है भरवारी से प्रतिदिन सैकडो की संख्या में लोग जीवन यापन व ब्यापार की द्दष्ट से प्रयागराज आया जाया करते है जिनके लिए एक मात्र साधन बस ही हुआ करती थी। आपको बतादे विकास का नारा देने वाली योगी आदित्यनाथ की सरकार जबसे उत्तर प्रदेश में बनी है तभी से विकास की जगह विनाश की ओर भरवारी अग्रसर होता जा रहा है भाजपा की सरकार जबसे बनी है तबसे भरवारी कस्बा वासियो के लिए सबसे अहम व जटिल समस्या बस की ही है जब भरवारी नगर पालिका परिसद नही था तब तो हमेशा सड़क परिवाहन की बसे सैकड़ो यात्रियों को प्रतिदिन लेकर आती रहती थी। अब आलम यह है कि सरकार बनने के बाद मिलने वाली सुविधा कस्बा वासियो से छीन ली गई वही प्रयागराज से बस द्वारा सफर करने वाले यात्रियों को भरवारी कस्बा से दो किलोमीटर दूर रोही बाई पास चौराहा पर या फिर परसरा चौराहा पर उतारकर बस चली जाती है यात्रियों से पूछा जाए तो अपनी पीड़ा किस्से कहे वहाँ से पैदल यात्रा उस पर समान लेकर आना पड़ता है कितनी परेशानियों का सामना यात्रियों को करना पड़ता है। अब सवाल उठता है कि इससे पहले कस्बा होकर जाने वाली बसों की मिलने वाली सुविधा से किसके इशारे पर कस्बावासियों को वंचित रखा गया जिसपर अधिकारी से पूछा गया तो बताया गया कि कस्बा में जाम की वजह से चालक बस नही ले जाते है अब सवाल उठता है कि पहले तो बाई पास भी नही था अब तो बाई पास बन गया है उसके बाद भी चालक अधिकारियों को गुमराह कर रहे है जिसपर कार्यवाही होनी चाहिए नगर के लोगो मे सरकार व जन प्रतिनिधि के ऊपर जबरदस्त आक्रोश है।

### तालाब को पाट पाट कर नगर वासियों ने बनाया तीन मंजिला मकान, दर्जनों तालाबों का अस्तित्व खतरे में

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कस्बा भरवारी में दर्जनों तालाबो का अस्तितिव खतरे में दिखाई दे रहा है जिससे राजस्व का काफी नुकसान होता दिख रहा है उसके बाद भी शासन प्रशासन धृतराष्ट्र बना हुआ है जिसके चलते लोगो ने दर्जनों तालाबो को पाट पाटकर दो तीन मंजिला मकान बना रखा है। बता दे कि एक समय कस्बा भरवारी में पशु पक्षियों व जानवरो के लिए सरकार द्वारा जगह जगह तालाबो में पानी भरवाया जाता था जिसके वजह से एक मात्र साधन तालाब ही हुआ करता था जानवरो के लिए पानी पीने के लिए परंतु देखते ही देखते लोगो ने सरकार के नुमाइंदे की आंखों में धूल झोकते हुए अपने अपने मकानों के पीछे पाटकर दो दो तीन मंजिला मकान बना रखा है जिससे राजस्व का काफी नुकसान होता दिख रहा है। यदि शासन ने अपनी दिब्य द्दष्टि का उपयोग किया तो काफी लोग इस काले कारनामे में संलिप्त होते नजर आएंगे लोगो ने जिलाधिकारी से मांग की है सभी तालाबो की जांचकर व जांच के दायरे में आने वाले लोगो के ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुए तालाबो की जमीन अवमुक्त कराएं।

### नेता नहीं बल्कि जन कार्यकर्ता को विधायक बनाएं : विजय शुक्ला

**कोखराज कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के सिराथू विधानसभा के प्रत्याशी विजय शुक्ला ने मंगलवार को सिराथू विधानसभा के दर्जनों गांवों टेढीमोड, दारानगर, हब्बुनगर, जहांगीराबाद आदि का भ्रमण किया और लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में समर्थन करने की अपील की। इस दौरान विजय शुक्ला ने लोगों से इस बार सिराथू विधानसभा में नए परिवर्तन करने का आह्वान किया। कहा कि आप लोग नेता नहीं बल्कि किसान, बेरोजगार, गरीब एवं आम जनता के हितैषी जन कार्यकर्ता को इस बार सिराथू विधानसभा से विधायक चुने ताकि वो पूरे पांच साल आप सबकी सेवा कर सके। इस अवसर पर तमाम लोगों ने विजय शुक्ला को सिराथू विधानसभा से विधायक बनाने का वादा किया। इस मौके पर वीरेंद्र यादव, राम किशोर पांडेय, मनोज तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, सुरेश पटेल आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# भारत-चीन संबंधों का सच

नए साल के मौके पर भारत और चीन के जवानों ने एलएसी के आर-पार अलग-अलग जगहों पर एक-दूसरे को मिठाई और शुभकामनाएं दीं। दोनों ओर के जवान अपने घरों से दूर सरहद पर देश की रक्षा में तैनात हैं। एक-दूसरे को वे संदेह की निगाह से ही देखते हैं, मगर नए साल पर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान उन्हें बेहतर भविष्य की उम्मीदें बंधाता है। किंतु क्या राजनीति इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए कोई प्रयास करेगी या फिर उन्हें तोड़ने का काम करेगी। ये सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि भारत-चीन के संबंधों पर फिर संदेह के बादल दिख रहे हैं। दरअसल चीन की ओर से एक वीडियो जारी हुआ है, जिसमें गलवान घाटी पर चीन का झंडा सैनिकों को फहराते हुए दिखाया गया। इस वीडियो के सामने के बाद फिर से मोदी सरकार की चुप्पी पर सवाल उठने लगे। क्योंकि इसी गलवान घाटी में पिछले साल जून में भारत और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें भारत के 20 जवान शहीद हो गये थे और उसके बाद से दोनों ही देशों के बीच का तनाव बढ़ा हुआ ही है। हालांकि, दोनों ही देशों के बीच सीमा पर तनाव कम करने के लिए कई दौर की बैठक की गई है और कई क्षेत्रों से दोनों ही देशों की सेनाएं पीछे भी हटी हैं, लेकिन हकीकत ये है कि, सीमा पर अभी भी दोनों ही देशों के करीब 50 हजार से 60 हजार सैनिक तैनात हैं और दोनों ही देशों के बीच का विश्वास का रिश्ता बुरी तरह से डगमगाया हुआ है। एक कड़वी हकीकत ये भी है कि गलवान में सैनिकों की शहादत के बूते बिहार में वोट बटोरने की कोशिश तो मोदीजी ने की, लेकिन आज तक उन्होंने चीन का नाम लेकर उसे अतिक्रमण न करने के लिए नहीं कहा है।

घर में घुसकर मारने का दम रखने वाली और 56 इंच की छाती का जोर दिखाने वाली सरकार चीन का नाम क्यों नहीं लेती, ये सवाल बार-बार उठे हैं। अब चीन का वीडियो सामने आने के बाद भी सरकार से यही पूछा जा रहा है कि ये किस तरह का रिश्ता है। आखिर सरकार चीन की ऐसी हरकतों का जवाब क्यों नहीं देती है। गलवान में चीनी झंडा लहराने पर मोदी सरकार बुरी तरह घिर रही थी, लेकिन अब सेना का बयान सामने आया है कि चीन ने गलवान घाटी के जिस इलाके में झंडा लगाया और फहराया, वो इलाका हमेशा से उसके ही कब्जे में रहा है और इस क्षेत्र को लेकर कोई नया विवाद नहीं है। सेना के इस बयान का एक मतलब यही निकलता है कि चीन ने उकसाने के लिए यह वीडियो जारी किया है। अगर चीन ने ऐसा किया है, तो फिर सवाल उठता है कि चीन के असल इरादे क्या हैं।

क्या भारत सरकार इन इरादों को समझ नहीं पा रही। चीन ने गलवान में भले अपने क्षेत्र में झंडा फहराया हो, लेकिन कुछ दिन पहले अरुणाचल प्रदेश के 15 स्थानों के नामों को चीनी, तिब्बती और रोमन में जारी किया है और ये भी कहा है कि आगे भी इस तरह नाम बदले जाएंगे। जिस पर विदेश मंत्रालय ने टिप्पणी की थी कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का अभिन्न अंग रहा है और आगे भी हमेशा रहेगा। अरुणाचल प्रदेश में ईजाद किए गए नामों को रख देने से यह तथ्य नहीं बदल जाता। इस प्रकरण से समझ आता है कि चीन की नजर भारत के जिन क्षेत्रों पर है, वहां अपना प्रभाव कायम रखने के लिए चीन कोई न कोई हरकत करता ही रहेगा। ऐसे में सरकार को बड़े संभल कर रिश्तों को आगे बढ़ाना चाहिए। मगर मोदी सरकार की कथनी और करनी में इस मामले में अंतर नजर आता है। पिछले साल गलवान मामले के बाद सरकार ने चीन के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंधों की बात कही थी, कई चीनी ऐप्स प्रतिबंधित कर दिए गए थे। वोकल फॉर लोकल का मंत्र, राष्ट्रवाद के तड़के के साथ देश में चलाया गया कि सभी को चीनी सामानों का बहिष्कार कर, स्वदेशी अपनाना चाहिए। इस वजह से मध्यम और लघु व्यापारियों को काफी नुकसान भी हुआ, क्योंकि चीन में बने सामानों के भरोसे ही उनकी दुकानदारी चलती थी। मगर हाल ही में खबर आई कि भारत और चीन के बीच का द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया है। भारत अब 26.358 अरब डॉलर का सामान चीन को भेजता है, जबकि चीन से 87.905 अरब डॉलर का सामान मंगाता है। यानी चीन के सामान की बहिष्कार की बात खोखली है। आयात और निर्यात में इतना अंतर होने के बाद पिछले 11 महीनों में भारत का व्यापारिक घाटा और ज्यादा बढ़ गया है। एक ओर सीमा पर कड़कड़ाती सर्दी में सेना के जवान दिन-रात पहरेदारी में लगे हैं, ताकि चीन अतिक्रमण न कर पाए, दूसरी ओर सरकार चीन से व्यापार को बढ़ा रही है। पड़ोसी देशों से आर्थिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक संबंध अच्छे ही होने चाहिए। मगर इन संबंधों की कीमत राजनीति के कारण जनता को न चुकानी पड़े, यह ख्याल सरकार को रखना होगा। सरकार बेशक चीन से व्यापारिक संबंध मजबूत करे, पर उसके साथ अपने इलाकों की सुरक्षा का भरोसा भी चीन से हासिल करे, यही बेहतर होगा।

# साम्प्रदायिकता के कलंक से बेपरवाह कट्टरपंथी और सरकार

**डॉ. प्रकाश हिन्दुस्तानी**

जिन पांच राज्यों में चुनाव नजदीक हैं उनमें मणिपुर भी एक प्रमुख राज्य है। प्रधानमंत्री 4 जनवरी को मणिपुर और त्रिपुरा की यात्रा पर भी जाएंगे और वहां 4800 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न 22 प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे या उद्घाटन कराई करेंगे। इन तमाम उद्घाटन और शिलान्यासों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के जनता को यह संदेश देना चाहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के समग्र विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध है। संभवतः 5 जनवरी को या उसके बाद भारत के पांच प्रमुख राज्यों के विधानसभा के चुनाव घोषित हो जाएंगे यह राज्य हैं- उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तरांचल, गोवा और मणिपुर। 2022 के आखिरी दिनों में हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा के चुनाव का समय भी आ जाएगा। चुनाव आयोग इन सब राज्यों में चुनाव के लिए तैयारी कर रहा है। पांचों राज्यों में मतदाता सूचियों के प्रकाशन का निर्देश भी दे दिया गया है। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने यह आदेश दिया है कि जो मैदानी अधिकारी लंबे समय से इन राज्यों में एक ही जगह पर तैनात हैं, उन्हें भी बदला जाए। अनुमान है कि इन राज्यों के चुनाव के लिए मतगणना का कार्य 7 या 8 चरणों में पूरा किया जा सकेगा सभी राज्यों में चुनाव लड़ने के लिए सभी प्रमुख दलों ने अपनी अपनी तरफ से पूरी तैयारियां कर रखी है।

सबसे ज्यादा निगाहें उत्तर प्रदेश की ओर टिकी हुई है जो देश का सबसे बड़ा राज्य है और यह माना जाता है कि दिल्ली का रास्ता लखनऊ होकर ही जाता है यानी जिस पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में होती है, केन्द्र में सरकार उसी की होती है। हाल ही के ओपिनियन पोल के अनुसार, 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 70 से ज्यादा सीटों का नुकसान होने का अनुमान है। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि सबसे बुरी हालत बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस की होगी। यह भी कहा जा रहा है कि कांग्रेस 2017 के चुनाव नतीजों को ही रिपीट करेगी। हालांकि कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी पार्टी को ताकतवर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ ताल ठोकने वाली कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी से कई लोग चमत्कार की उम्मीद लगाए हुए हैं। प्रियंका गांधी ने महिला शक्ति को आगे लाने के लिए लगातार प्रयास किया है। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी को 135 सीटें मिल सकती हैं। वैसे तो उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपनी पकड़ बनाने के लिए सभी प्रमुख पार्टियां जोर आजमा रही हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी की तरफ से योगी आदित्यनाथ और खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सारी तैयारियां कर ली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों में अपनी किलेबंदी करना शुरू कर दिया है। उनके साथ ही गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और स्मृति ईरानी भी मैदान में हैं। यह लोग उत्तर प्रदेश में मतदाताओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बीते अक्टूबर और नवंबर के महीने में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में करीब 68000 करोड़ की सौगात देने का ऐलान किया था। उत्तर प्रदेश के अनेक इलाकों में शिलान्यास और उद्घाटन किए गए। अक्टूबर में कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन हुआ उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे पूर्वांचल एक्सप्रेस का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में ड्रीम प्रोजेक्ट खाद कारखाना, एम्स और बाबा राघव दास मेडिकल कॉलेज के रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर का लोकार्पण भी किया था। गोरखपुर में 8603 करोड़ रुपये की लागत से उर्वरक संयंत्र भी स्थापित करने की बात कही गई। इस परियोजना में किसानों के जीवन में समृद्धि होगी और यह भी कहा गया कि इससे 20000 युवाओं को रोजगार मिल सकेगा। 16 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के अरवल खीरी में 341 किलोमीटर लंबे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का उद्घाटन किया था। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की आधारशिला जुलाई 2018 में रखी गई थी। प्रधानमंत्री के हाथों 9 मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण कराने की व्यवस्था थी फोरेंसिक इंस्टीट्यूट की स्थापना भी की जानी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट गंगा एक्सप्रेस वे के शिलान्यास कराए जा चुके हैं। मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस वे के भूमि अधिग्रहण का काम तेजी से चल रहा है। चुनाव के पहले इस एक्सप्रेस वे के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य संपन्न होने की संभावना है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कानपुर मेट्रो रेल परियोजना का उद्घाटन कर चुके हैं। बीना पनकी मल्टी प्रोडक्ट पाइप लाइन परियोजना का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री कर चुके हैं। वे कहते हैं कि डबल इंजन की सरकार होने से विकास के कार्य को बड़ी गति मिलेगी। बीना पनकी मल्टीप्रोडक्ट पाइप लाइन परियोजना को मध्यप्रदेश तक बढ़ाने की बात भी कही जा रही है। अभी उस पर योजना का उद्घाटन व शिलान्यास नहीं किया गया है क्योंकि मध्य प्रदेश में चुनाव 2023 में। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर बार यही दोहराते रहे हैं कि जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। उत्तर प्रदेश में सत्ता में वापसी के लिए भारतीय जनता पार्टी ने पूर्वांचल को केन्द्र बना रखा है। पूर्वांचल में अपना आधार मजबूत बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 5 साल पहले ही प्रयास शुरू कर दिए थे। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट हलचल हर घर जल योजना ऐसी तमाम योजनाएं प्रधानमंत्री जनता के नाम समर्पित कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही 2016 में खाद कारखाने का शिलान्यास किया था जो पूरा बन गया। उसका उद्घाटन भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देसी किया। 2017 में विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी महज 5 घंटे में लोकार्पण और शिलान्यास का रिकॉर्ड तोड़ा था जब उन्होंने 60 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था। अखिलेश यादव ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे और लखनऊ मेट्रो का लोकार्पण भी कर दिया था जो आधा अधूरा ही था। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को फिल्म सिटी देने की तैयारी में हैं। इसके लिए भारतीय फिल्म उद्योग के कई लोगों को वहां बुलाया गया है और उन्हें जमीन भी आबंटित की जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 जनवरी को मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय का शिलालेख लगा चुके हैं। 700 करोड़ रुपये से बनने वाले इस विश्वविद्यालय में विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं होंगी और यहां प्रतिवर्ष करीब 1000 युवक-युवतियों को खेलों में ग्रेजुएट होने की डिग्री प्रदान की जाएगी। जिन पांच राज्यों में चुनाव नजदीक हैं उनमें मणिपुर भी एक प्रमुख राज्य है। प्रधानमंत्री 4 जनवरी को मणिपुर और त्रिपुरा की यात्रा पर भी जाएंगे और वहां 4800 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न 22 प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे या उद्घाटन कराई करेंगे। इन तमाम उद्घाटन और शिलान्यासों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के जनता को यह संदेश देना चाहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के समग्र विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबंध है। शिलान्यास और उद्घाटन का कार्यक्रम सबसे अधिक उन राज्यों में हो रहा है जहां चुनाव होने वाले हैं। इसके बाद गुजरात और हिमाचल प्रदेश का नंबर भी आता है क्योंकि 2022 के अंत में ही इन राज्यों में चुनाव होने हैं। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शिलान्यास व उद्घाटन करने की आतुरता इसलिए भी है कि आईएनएससी वोटर द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता 2014 में प्रधानमंत्री के बनने के बाद से वर्तमान में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। 33.5 प्रतिशत युवाओं ने कहा था कि उन्हें अभी भी पिंक स्लिप मिलने की आशंका रहती है और वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से संतुष्ट नहीं हैं।

# भारतीय संसदीय प्रणाली का वर्तमान नकारा विपक्ष .....

**नीरज कुमार दुबे**

भारतीय संसदीय लोकतंत्र की विशेषता सत्तारूढ़ दल और विपक्षी दल की पारस्परिक जवाबदेही की प्रणाली और एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण विचार-विमर्श प्रक्रिया में प्रकट होती है।जो भारतीय संविधान में निहित है । संसदीय विपक्ष लोकतंत्र के वास्तविक सार के संरक्षण और लोगों की आकांक्षाओं व अपेक्षाओं के प्रकटीकरण में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किंतु, वर्तमान में भारत का संसदीय विपक्ष न केवल खंडित है, बल्कि अव्यवस्थित या बेतरतीबी का शिकार भी नजर आता है। ऐसा प्रतीत होता है कि शायद ही हमारे पास कोई विपक्षी दल है, जिसके पास अपने संस्थागत कार्यकलाप के लिये या समग्र रूप से ह्यप्रतिपक्षह्न के प्रतिनिधित्व के लिये कोई विजन या रणनीति हो।इन नेताओं के विचार आज के युवाओं और युवतियों की आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा को संबोधित नहीं करते है; ना ही आने वाले समय की चुनौतियों से निपटने की इनके पास कोई योजना या दूरदृष्टि है। सिर्फ सत्ता के लिए राजनैतिक विरोध या भ्ष्टाचार न कर पाने की कुंठा से ग्रस्त विपक्ष की तरह प्रतीत हो रहा है । वर्तमान भारतीय विपक्ष की तुलना में यदि वैश्विक चिंतन करें तो पाएंगे कि पिछले माह चिले (ड्ढँ ी) के चुनावों में एक 35 वर्षीय युवा, गेब्रियल बोरिच, ने विजय प्राप्त की और वह चिले के अगले राष्ट्रपति होंगे। बोरिच ने आर्थिक असमानता घटाने, समृद्ध वर्ग पर कर का भार बढ़ाने, एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के प्लेटफार्म पर चुनाव लड़ा था। साथ ही, उन्होंने चिले के लिए एक नए संविधान का समर्थन किया था क्योंकि उनके अनुसार पुराना संविधान एक तानाशाह के समय में ड्राफ्ट किया गया था जो आज के समय के लिए अनुपयुक्त है।

यही स्थिति फ्रांस के राष्ट्रपति एमानुएल माक्रों की थी जिन्होंने 39 वर्ष की आयु में अपने चुनाव प्रचार में सभी फ्रेंच नागरिको को कठिन निर्णयों के लिए आगाह किया था। उन्होंने बताया था कि कठोर श्रम कानून के कारण युवाओ को जॉब नहीं मिल रहा था क्योकि कंपनियों को डर लगता है कि वे किसी भी कर्मचारी को नहीं निकाल पाएंगे भले ही कंपनी दिवालिया हो जाए। अतः उन्होंने कहा कि अगर वे चुनाव जीत गए तो वे नौकरी पे रखने और निकालने के नियम में ढील दे देंगे। दूसरे शब्दों में, इन नेताओं ने अपने मतदाताओं को एक व्यस्क नागरिक के रूप में ट्रीट किया; किसी भी फ्री की सेवा (जैसे कि बिजली-पानी इत्यादि) का वाद नहीं किया; आने वाले समय की चुनौतियों का वर्णन किया और उनसे निपटने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके विपरीत भारत में प्रतिपक्ष के तथाकथित युवा नेता घिसे-पिटे विचारो को लेकर चुनाव मैदान में है। फ्री की बिजली-पानी का वादा कर रहे है। साम्प्रदायिकता से निपटने के बारे में नारे दे रहे है; लेकिन यह नहीं बतलाते कि किसी कुत्सित विचारधारा के आधार पर भारत पर आतंकी हमला करने वालो से कैसे निपटेंगे हमारे युवा नेता सिर्फ और सिर्फ जातिवाद और फ्री के बिजली-पानी की बात कर रहे हैं। उनका पूरा प्लेटफार्म ही इस बात का है कैसे उनकी जाति वालो को आरक्षण मिल सके, कैसे सेकुलरिज्म के स्लोगन पे भारत के बहुसंख्यक समाज का मजाक उड़ा सके, कैसे किसी एक समुदाय की तुष्टि कर सके। कैसे फ्री के नाम पर वोट खींचे जा सके दूसरे शब्दों में, उन्हें इस बात से कोई मतलब नहीं है कि वे भारत के सभी युवाओ को कैसे रोजगार उपलब्ध कराएँगे, उसके लिए क्या कठिन निर्णय करने होंगे क्या सभी युवा-युवतियों को सरकारी नौकरी दी जा सकती है कैसे प्रदूषण कम करेंगे और साथ ही उद्योगों का विकास करेंगे कैसे किसानों को उनके उत्पाद का अधिक मूल्य देंगे, साथ ही उपभोक्ताओं को सस्ता अन्न उपलब्ध कराएँगे कैसे उन कृषि उपज को प्रोत्साहन देंगे जिसमे कम पानी की खपत हो कैसे स्थानीय एवं ग्रामीण स्तर पर स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देंगे कैसे सड़के बनवाएंगे, रेलवे का विकास करेंगे; मेधा पटकर जैसों के विरोध के बावजूद सिंचाई की व्यवस्था करेंगे, और विदेशी धन पर पलने वाले एनजीओ से मुकाबला करेंगे जो भारत के विकास में आकाओ के इशारो पे बाधा डाल रहे हैं

इसके साथ ही कैसे जलवायु परिवर्तन की वैश्विक संधियों के कारण भारत को आने वाले वर्षों में भूमिगत ईंधन (कोयला, डीजल-पेट्रोल, गैस) का प्रयोग अत्यधिक कम करना होगा जिसके कारण पुराने उद्यम (कोयला खदान, बिजली उत्पादन संयंत्र, पेट्रोल पंप इत्यादि) बंद होंगे और नए उद्यम खोलने होंगे कैसे उन उद्यमों पर निर्भर जनता को नए रोजगार के अवसर एवं ट्रेनिंग उपलब्ध करायेंगे कैसे कृत्रिम बुद्धि एवं ब्लॉकचेन पर आधारित कंप्यूटर, रोबोट, फैक्ट्री, सप्लाई चेन, बैंकिंग इत्यादि के लिए युवा-युवतियों को तैयार करेंगे ऑनलाइन शॉपिंग एवं सेवाओं के लिए पारम्परिक व्यवसाइयों को कैसे तैयार करेंगे कैसे अधिक से अधिक भारतीयों को आयकर के दायरे में लाया जाए दलित, जनजातीय और पिछड़े वर्ग के वंचित लोगो को आरक्षण का लाभ पहली बार मिले; इसके बारे में उनके क्या विचार है कैसे सीमा पार से आने वाले आतंकवाद का मुकाबला करेंगे कैसे नक्सलवाद से निपटेंगे कैसे पड़ोस के फर्जी साम्यवादी देश के खतरे से मुकाबला करेंगे अंत में, कैसे इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि राजनीति से वंशवाद को दूर किया जा सके क्या उन नेताओं के पास कोई बोल्ड विचार है, जिससे वे सभी भारतीयों के विचारों को प्रभावित कर सके ऐसी क्या बात है कि उनके विचार आज के युवाओं और युवतियों की आगे बढ़ने की महत्वाकांक्षा को संबोधित नहीं करते वस्तुतः देखा जाए तो आज सभी जगह भारतीय युवाओं को राष्ट्र के विकास के बारे में, उन्नति के बारे में, सभी भारतीयों की प्रगति के बारे में वर्तमान मोदी विरोधी विपक्ष के विचार जानने की उत्सुकता है।

# हमें मानवतावादी विश्व नागरिक तैयार करने होंगे

**डॉ. जगदीश गाँधी**

अक्सर यह देखने में आता है कि जब हम किसी की मदद करते हैं तो हमारे अंदर एक अभिमान-सा आ जाता है कि हमने उसकी मदद की है। लेकिन ऐसा है नहीं। हम तो निमित्त मात्र हैं। वास्तव में ईश्वर की हमारे ऊपर यह विशेष कृपा है कि उसने हमें इस लायक बनाया कि हम किसी की तन, मन और धन से मदद कर पाते हैं। इसलिए हमें ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उस व्यक्ति के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए, जिसने हमारी इस सेवा को स्वीकार किया। किसी ने सही कहा है कि मानवता से बढ़ कर कोई धर्म नहीं है। रामायण में तुलसीदास जी कहते हैं- परहित सरिस धर्म नहीं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई।। अर्थात परोपकार से बढ़ कर कोई उत्तम कर्म नहीं है और दूसरों को कष्ट देने से बढ़ कर पाप नहीं। परोपकार की भावना ही वास्तव में मनुष्य को ह्यमनुष्यह्ल बनाती है। वास्तव में परोपकारी व्यक्ति सदा प्रसन्न रहता है और परोपकार के अवसर ढूढ़ता रहता है। वह दूसरे की मदद करके प्रसन्न होता है और उसे आत्म संतुष्टि भी मिलती है। वास्तव में जो व्यक्ति जितना ज्यादा परोपकारी होता है वो उतना ही अधिक ईश्वर के समीप पहुंचता है। परोपकार की भावना मनुष्य को महानता की ओर ले जाती है। परोपकार से बड़ा कोई पुण्य/ धर्म नहीं है। कबीरदास जी कहते हैं ह्यह्यबड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर। पंछी को छाया नहीं फल लागे अति दूर।। अर्थात खजूर के पेड़ के समान बड़ा होने का क्या लाभ, जो ना ठीक से किसी पंछी को छाँव दे सकता है और ना ही उसके फल आसानी से कोई पा सकता है। कविवर रहीम कहते हैं कि ह्यह्यतरूवर फल नहिं खात है, सरवर पियहि न पान। कहि रहीम पर काज हित, संपति संचहि सुजान।। अर्थात जिस तरह पेड़ कभी स्वयं अपने फल नहीं खाते और तालाब कभी अपना पानी नहीं पीते उसी तरह सज्जन लोग दूसरे के हित के लिये संपत्ति का संचय करते हैं।

हम तो निमित्त मात्र हैं- वास्तव में परमात्मा ने हमें जो शक्ति व सामर्थ्य दिया है वे दूसरों का कल्याण करने के लिए है। प्रकृति भी हमें यही संदेश देती है कि परोपकार ही सबसे बड़ा धर्म है। युगों-युगों से सूर्य बिना किसी स्वार्थ के पृथ्वी को जीवन देने के लिए प्रकाश देता है। चंद्रमा अपनी किरणों से सबको शीतलता प्रदान करता है, वायु अपनी प्राण-वायु से संसार के प्रत्येक जीव को जीवन प्रदान करती है। वहीं, बादल सभी को जल रूप में अमृत प्रदान करते हैं। सच यह है कि स्वयं की उन्नति का, समाज की उन्नति का, विश्व कल्याण का परोपकार ही एक मात्र उपाय है। ईश्वर ने हमें कोई भी वस्तु स्वयं के उपभोग के लिए नहीं दी है, बल्कि इसलिए दी है कि इससे कितने ज्यादा लोगों का भला हो सकता है। परोपकारी मनुष्य ही सच्ची शांति को प्राप्त कर सकता है, स्थायी उन्नति कर सकता है, ईश्वर को प्राप्त कर सकता है और विश्व का कल्याण कर सकता है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं- ह्यह्यहे अर्जुन! मैं उन भक्तों को प्यार करता हूँ जो कभी किसी से द्वेष-भाव नहीं रखते, सब जीवों के साथ मित्रता और दयालुता का व्यवहार करते हैं। वे कहते हैं ह्यह्यममता रहित, अहंकार-शून्य, दुःख और सुख में एक-सा रहने वाला, सब जीवों के अपराधों को क्षमा करने वाला, सदैव संतुष्ट, मेरा ध्यान करने वाला, विरागी दृढ़ निश्चयी और जिसने अपना मन तथा बुद्धि मुझे समर्पित कर दी है, ऐसे भक्त मुझे अतिशय प्रिय हैं ह्लह्ल इस प्रकार दुनिया में मानवता से बढ़कर कुछ नहीं है। रामचरित मानस में वर्णित है कि ह्यह्यपरहित बस जिन्ह के मन माहीं। तिन्ह कहुँ जग दुर्लभ कछु नाहीं ह्लह्ल अर्थात जिनके मन में सदैव दूसरे का हित करने की अभिलाषा रहती है अथवा जो सदा दूसरों की सहायता करने में लगे रहते हैं, उनके लिए सम्पूर्ण जगत में कुछ भी दुर्लभ नहीं है। इस तरह विश्व के हित व कल्याण की निष्काम कामना व उसके लिए काम करना ही विश्व-प्रेम है। वास्तव में विश्व के प्रत्येक प्राणी से प्रेम करना ही ईश्वर का सच्चा प्रेम है। यदि विद्यालयों में सम्पूर्ण मानवता की सेवा का पाठ नहीं पढ़ाया गया तो बालक बड़ा होकर जाति-धर्म की भेदभाव भरी दृष्टि लेकर विकसित होगा। ऐसा व्यक्ति परिवार, समाज तथा विश्व को जोड़ने का नहीं वरन तोड़ने में अपनी सारी ऊर्जा व्यर्थ करेगा। विद्यालय द्वारा बालक को सिखाया जाना चाहिए कि यह विश्व मेरा घर तथा इसके समस्त नागरिक मेरे परिवार के सदस्य हैं। इसके साथ ही बालक को संसार को परायी दृष्टि से नहीं वरन कुटुम्ब की तरह सेवा भाव से देखना सिखाया जाना चाहिए ताकि बड़े होकर वे पीड़ित मानवता के कष्टों को दूर करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर सके। परिवार, स्कूल और समाज, तीनों को मिलकर विश्व के प्रत्येक बच्चे के मन-मस्तिष्क में बचपन से ही इस बात का बीजारोपण करना चाहिए कि ईश्वर एक है, धर्म एक है तथा मानवता एक है। उसी ईश्वर ने इस सारी सृष्टि को बनाया है और वह सारे जगत से बिना किसी भेदभाव के प्रेम करता है। ऐसे ही हम सभी को भी सारे जगत से प्रेम करने के साथ ही मानवतावादी विश्व नागरिक भी तैयार करने होंगे। तभी सारे विश्व में स्थायी शांति एवं एकता की स्थापना भी होगी।

# विडम्बना: भीड़ से जुड़े हादसों में मारे जा चुके हैं हजारों लोग

**योगेश कुमार गोयल**

नए साल के अवसर पर माता वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन के लिए जुटी भारी भीड़ में भगदड़ मचने के कारण गत दिनों करीब 12 लोगों की मौत ने प्रत्येक देशवासी को बुरी तरह झकझोर दिया। हालांकि किसी प्रसिद्ध धर्मस्थल पर एकत्रित हुई भीड़ में भगदड़ के कारण हुआ यह कोई पहला हादसा नहीं है बल्कि बीते तीन दशकों में देश ऐसे कई बड़े हादसों को झेल चुका है लेकिन विडम्बना है कि ऐसे हादसों से कोई सबक नहीं लिए जाते और बार-बार ऐसे हृदयविदारक हादसों की वजह से अनेक हंसते-खेलते परिवार उजड़ जाते हैं। अगर पिछले ढाई दशकों के दौरान हुए ऐसे ही कुछ प्रमुख हादसों पर नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2016 में वाराणसी के राजघाट पर भगदड़ मचने से 19 लोगों की मौत हो गई थी और करीब 70 लोग घायल हुए थे। हादसे के समय लोगों की भारी भीड़ पुल से गुजर रही थी कि तभी किसी ने पुल टूटने की अफवाह फैला दी थी, जिससे भगदड़ मच गई थी। 10 अगस्त 2015 को झारखंड के देवघर स्थित बैद्यनाथ मंदिर में अचानक मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा घायल हुए थे। 13 अक्तूबर 2013 को मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मंदिर के पुल पर मची भगदड़ में 115 लोगों की जान चली गई थी और 100 से ज्यादा घायल हुए थे। 2013 में इलाहाबाद के संगम में कुंभ मेले में पवित्र स्नान के लिए आए 36 लोगों की जान चली गई थी और कई दर्जन लोग घायल हुए थे। 19 नवम्बर 2012 को छठ पूजा के अवसर पर पटना में अदालतगंज क्षेत्र के एक घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ इकट्ठा थी और वहां अचानक भगदड़ मचने से करीब 20 लोगों की मौत हो गई थी तथा बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। 14 जनवरी 2011 को केरल में सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में 106 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी तथा सैंकड़ों घायल हुए थे। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ के राम-जानकी मंदिर में कृपालु महाराज की पत्नी की पुण्यतिथि के अवसर पर लोगों को कपड़े और खाना वितरित करने का कार्यक्रम था। उस दौरान मंदिर परिसर में करीब 10 हजार लोग जमा थे। अचानक भगदड़ मची और उस हादसे में 63 लोगों ने अपनी जान गंवा दी तथा सैंकड़ों घायल हुए। 30 सितम्बर 2008 को जोधपुर के चामुंडा देवी मंदिर में नवरात्रि के दौरान भक्तों की भीड़ उमड़ी थी और तब भगदड़ मचने के कारण 120 लोगों की जान चली गई थी तथा करीब 200 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

3 अगस्त 2006 को हिमाचल प्रदेश के माता नैना देवी मंदिर परिसर में हुए ऐसे ही हादसे में 160 लोगों की जान चली गई थी और करीब 400 लोग घायल हुए थे। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधार देवी मंदिर में नारियल फोड़ने से सीढ़ियों पर हुई फिसलन के कारण मची भगदड़ के चलते 291 लोग मारे गए थे। 27 अगस्त 2003 को नासिक में कुंभ स्नान के लिए आए 40 लोगों की भगदड़ के कारण जान चली गई थी और करीब 125 श्रद्धालु घायल हुए थे। हरिद्वार में सोमवती अमावस्या के अवसर पर 15 अगस्त 1996 को हर की पौड़ी पर करीब 20 हजार श्रद्धालु एकत्रित हो गए थे और तब 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में भगदड़ के कारण 15 जुलाई 1996 को 35 लोग काल का ग्रास बन गए थे। इन हादसों में से बहुत सारे हादसे ऐसे थे, जिन्हें प्रशासन की सजगता से आसानी से टाला जा सकता था लेकिन कुंभ मेला हो या अन्य छोटे मेले अथवा विभिन्न धर्म स्थलों पर किसी भी वजह से मचने वाली भगदड़ के कारण मरते लोग, यह विडम्बना ही है कि देश में लगातार होते ऐसे हादसों के बाद भी ऐसा तंत्र विकसित नहीं किया जा सका है, जो ऐसे स्थानों पर एकाएक भीड़ बढ़ जाने पर उसे नियंत्रित करने के लिए कोई अनुशासित व्यवस्था कर सके। देश के किसी न किसी हिस्से से बार-बार सामने आते ऐसे दर्दनाक हादसों को देखते हुए प्रशासन को भीड़ को नियंत्रित करने की अपनी कार्यप्रणाली पर गहन मंथन करने की आवश्यकता है। आज न केवल करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र माता वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा को बल्कि देशभर के अन्य सभी धार्मिक स्थलों तथा कुंभ मेले सहित प्रमुख मेलों की यात्रा को भी पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कदम उठाए जाने की सख्त दरकार है।

# गैरजिम्मेदाराना शॉट खेलकर हुए आउट हुए ऋषभ पंत, सुनील गावस्कर ने लताड़ा

**नई दिल्ली।** जोहानिसबर्ग टेस्ट में दूसरी पारी में ऋषभ पंत से टीम इंडिया को काफी उम्मीदें थी। लेकिन उन्होंने जिस तरह से अपना विकेट गंवाया उसने टीम इंडिया के साथ उनके फैंस को भी निराश किया। जब टीम को उससे समझदारी भरी पारी की उम्मीद थी। उन्होंने गैरजिम्मेदाराना शॉट खेलकर अपना विकेट गंवा दिया। वो बिना खाता खोले आउट हुए। उनका विकेट कगिसो रबाडा ने लिया। भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने ऋषभ पंत की गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलने के लिए आलोचना की। रबाडा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में वो शून्य पर आउट हुए।

कमेंट्री कर रहे सुनील गावस्कर ने कहा कि पंत को गेंदबाज का सम्मान करना चाहिए था और जिम्मेदारी से खेलना चाहिए था। लेकिन इस शॉट को खेलने के बाद आप कोई बहाना नहीं बना सकते



हैं, इसमें आपका यह नेचुरल खेल है जैसी बकवास बात भी स्वीकार नहीं की जाएगी। क्योंकि उन्हें शुरूआत में बड़ा हिट करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए थी। कुछ जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। रहाणे और पुजारा ने अपने कंधों पर जिम्मेदारी ली। इसलिए आप भी लड़ें।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर ब्रैड हॉग भी ऋषभ पंत के आउट होने के तरीके से निराश दिखे। उन्होंने ट्वीट किया,'ऋषभ पंत ने निराश किया। मैच की बात करें तो तीसरे दिन चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे ने भारत की दूसरी पारी को संभाला। इन दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। पुजारा 53 और रहाणे 58 रन बनाकर आउट हुए। उनके अलावा हनुमा विहारी ने शानदार खेल दिखाते हुए नाबाद 40 रन बनाए। भारत की दूसरी पारी 266 रनों पर सिमटी। साउथ अफ्रीका की तरफ से कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और मैक्रो जेनसन ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए। इससे पहले साउथ अफ्रीका पहली पारी में 229 रनों पर आउट हो गई थी। शार्दुल ठाकुर ने भारत की तरफ से सात विकेट लिए। भारत की पहली पारी 202 रनों पर सिमट गई थी। केएल राहुल ने सर्वाधिक 50 रन बनाए थे। मैक्रो जेनसन ने साउथ अफ्रीका की तरफ से सर्वाधिक 4 विकेट लिए थे।

## पंजाब किंग्स ने चेतेश्वर पुजारा की वीरेंद्र सहवाग से की तुलना, फैंस ने लिए मजे

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच जोहानिसबर्ग में खेला जा रहा है। आज तीसरे दिन का खेल जारी है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने दो विकेट पर 85 रन बनाए थे। इसके बाद तीसरे दिन चेतेश्वर पुजारा ने ताबकतोड़ बल्लेबाजी करते हुए शानदार अर्धशतक लगाए। इससे भारत की स्थिति और भी मजबूत हो गई। इसी बीच आईपीएल की फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स ने चेतेश्वर पुजारा की तुलना पूर्व धाकड़ बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग से करते हुए मजेदार ट्वीट किया। इसके बाद इस ट्वीट पर लोगों ने अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। बता दें कि तीसरे दिन पुजारा और अजिंक्य रहाणे ने दक्षिण अफ्रीका पर एक जवाबी हमला किया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 111 रन जोड़े।

# शार्दुल ठाकुर ने खेला अजीबोगरीब शॉट, कुर्सी छोड़ झूम उठे विराट

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच जोहानिसबर्ग में खेला जा रहा है। तीसरे दिन भारत ने दूसरी पारी में 266 रन बनाए। साउथ अफ्रीका को टेस्ट मैच जीतने के लिए 240 रनों की जरूरत है। परिणाम कुछ भी हो लेकिन यह टेस्ट शार्दुल ठाकुर को हमेशा याद रहेगा। पहली पारी में उन्हें 7 विकेट लेकर अपने शानदार गेंदबजी का प्रदर्शन किया। इसके बाद बल्लेबाजी में भी शार्दुल ने अहम योगदान दिया। लेकिन इसी बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो अजीबोगरीब शॉट खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनके शॉट पर न केवल पूरा ड्रेसिंग रूम झूम उठा, बल्कि चोट से जूझ रहे विराट कोहली भी झूम उठे। इस अजीबोगरीब शॉट पर चौका




लगाकर उन्होंने विराट के साथ मयंक अग्रवाल, बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ और हेड कोच राहुल द्रविड़ भी मंत्रमुग्ध कर दिया। भारत की तरफ से चेतेश्वर पुजारा ने 53 और अजिंक्य रहाणे ने 5 रन बनाए। हनुमा विहारी 40 रन बनाकर नाबाद रहे। साउथ अफ्रीका की तरफ से कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और मैक्रो जेनसन ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए। टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी जोहानिसबर्ग टेस्ट में नहीं खेल रहे हैं, लेकिन इस मैच के दौरान लगातार वो कैमरे में कैद जरूर हो रहे हैं। बता दें कि विराट जोहानिसबर्ग टेस्ट के तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले प्रैक्टिस करते नजर आए।

## रासी वैन डर डुसन ने ऋषभ पंत को उकसाया तो मिला ये करारा जवाब

**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच जोहानिसबर्ग में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। तीसरे दिन मैदान पर ऋषभ पंत और रासी वैन डर डुसेन के बीच जुबानी जंग देखने को मिली। जब ऋषभ पंत दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने आए रासी वैन डर डुसन ने उनको स्लेज किया। इस पर ऋषभ पंत ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने वैन डर डुसन ने कहा अपना मुंह बंद रखो। हालांकि पंत तीन गेंद खेलकर ही आउट हो गए। भारत को पंत से दूसरी पारी में काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उन्होंने निराश किया। ऋषभ पंत और रासी वैन डर डुसेन के बीच जुबानी जंग का वीडियो सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है। पंत कगिसो रबाडा की गेंद पर आउट हुए।




मैच की बात करें तो तीसरे दिन चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे ने भारत की पारी को संभाला। इन दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। पुजारा 53 और रहाणे 58 रन बनाकर आउट हुए। खबर लिखे जाने तक भारत ने दूसरी पारी में 8 विकेट खोकर 230 रन बना लिए हैं। भारत के पास इस समय 203 रनों की लीड है। इससे पहले साउथ अफ्रीका पहली पारी में 229 रनों पर आउट हो गई थी। पीटरसन ने साउथ अफ्रीका की तरफ से सर्वाधिक 62 रन बनाए। शार्दुल ठाकुर ने भारत की तरफ से सात विकेट लिए। भारत की पहली पारी 202 रनों पर सिमट गई थी। केएल राहुल ने सर्वाधिक 50 रन बनाए थे। मैक्रो जेनसन ने साउथ अफ्रीका की तरफ से सर्वाधिक 4 विकेट लिए।

# केएल राहुल को हुआ 18 पायदान का फायदा, विराट कोहली नौवें नंबर पर लुढ़के

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली 113 रन की जीत में 'प्लेयर ऑफ द मैच' प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में 18 पायदान के फायदे से बल्लेबाजों की सूची में 31वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सेंचुरियन में इस जीत से भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली जो वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा है। राहुल की इस फॉर्मेट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग आठवां स्थान है जो उन्होंने नवंबर 2017 में हासिल की थी। उन्होंने पहली पारी में 123 रन बनाए और मयंक अग्रवाल (60 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 117 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई जिससे भारतीय टीम इस स्थल पर टेस्ट मैच जीतने वाली पहली एशियाई टीम बन गई और उसने डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में महत्वपूर्ण अंक भी हासिल किए। अग्रवाल को एक पायदान का फायदा हुआ जबकि अजिंक्य




रहाणे दो पायदान की छलांग से बुधवार को ताजा अपडेट में 25वें स्थान पर पहुंच गए। विराट कोहली सातवें स्थान से लुढ़ककर नौवें पायदान पर आ गए हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी भी रैंकिंग में ऊपर चढ़ने वाले अन्य भारतीय हैं। बुमराह मैच में पांच विकेट चटकाने से तीन पायदान ऊपर पहुंचकर नौंवे स्थान पर हैं जबकि शमी ने आठ विकेट चटकाए थे जिसमें पहली पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं। इस प्रदर्शन से शमी दो पायदान के फायदे से 17वें स्थान पर पहुंच गए। दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान और सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर दो पायदान के लाभ से 14वें स्थान पर पहुंचे जिन्होंने दूसरी पारी में 77 रन बनाए थे।

टेम्बा बावुमा 52 और नाबाद 35 रन के स्कोर से 16 पायदान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गए। कगिसो रबाडा ने सात विकेट हासिल किए जिससे वह एक स्थान ऊपर छठे स्थान पर जबकि उनके साथी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी मैच में आठ विकेट चटकाने से 16 पायदान की छलांग से 30वें स्थान पर पहुंच गए। डेब्यू कर रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को जेनसेन ने 97वें स्थान से रैंकिंग में प्रवेश किया।

## जोहानिसबर्ग टेस्ट के तीसरे दिन खेल शुरू होने से पहले प्रैक्टिस करते नजर आए कोहली

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी जोहानिसबर्ग टेस्ट में नहीं खेल रहे हैं, लेकिन इस मैच के दौरान लगातार वो कैमरे में कैद जरूर हो रहे हैं। बता दें कि विराट जोहानिसबर्ग टेस्ट के तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले प्रैक्टिस करते नजर आए। ऐसे में लग रहा है कि पीठ में दिक्कत के चलते मैच से बाहर चल रहे कोहली अब फिट हो गये हैं। भारतीय क्रिकेट टीम और कोहली के फैंस के लिए के सकारात्मक खबर है। इतना नहीं उम्मीद की जा रही है कि अगले हफ्ते केपटाउन में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट के लिए वो समय पर फिट हो जाएंगे। प्रैक्टिस के दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच



राहुल द्रविड़ उनके साथ दिखे। इससे पहले भी विराट मैच के दौरान कई बार बाउंड्री लाइन के पास, ड्रेसिंग रूम से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते नजर आए, मैच की बात करें तो टीम इंडिया ने मैच के पहले दिन 202 रन बनाए, जवाब में मेजबान टीम ने 229 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर मामूली बढ़त ली। शार्दुल ठाकुर ने पहली पारी में सात विकेट लेकर टीम इंडिया की मैच में वापसी कराई। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने दो विकेट पर 85 रन बना लिए हैं और फिलहाल 58 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। सेंचुरियन टेस्ट टीम इंडिया ने 113 रनों से जीता था।

# कीवी टीम की बैंड बजाने वाले एबादत हुसैन चौधरी बीएएफ के हैं सैनिक, वॉलीबॉल प्लेयर से क्रिकेटर बनने का ऐसा रहा सफर

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज एबादत हुसैन चौधरी खूब चर्चा में हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ बे ओवल मैदान पर खेले गए दो मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच में उन्होंने जिस तरह से गेंदबाजी की, उसने सबका दिल जीत लिया। इस दौरान एबादत का सैल्यूट सेलिब्रेशन भी काफी वायरल हो रहा है। दरअसल एबादत बांग्लादेशी क्रिकेटर होने के साथ-साथ बांग्लादेश एयरफोर्स के एक्टिव सैनिक भी हैं। क्रिकेटर बनने से पहले एबादत वॉलीबॉल खिलाड़ी थे। फरवरी 2019 में बांग्लादेश की ओर से इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले इस खिलाड़ी ने कम ही समय में अपनी अलग पहचान बना ली है। एबादत अभी तक बांग्लादेश की ओर से कुल 11 टेस्ट मैच खेल चुके हैं



और इस दौरान 18 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। एबादत ने अपना डेब्यू टेस्ट भी न्यूजीलैंड में ही खेला था। हालांकि अपने डेब्यू टेस्ट में वह कुछ खास कमाल नहीं कर पाए थे। एबादत ने 27 ओवर में 107 रन खर्चकर तब एक विकेट लिया था। बे ओवल टेस्ट में बांग्लादेश की आठ विकेट की ऐतिहासिक जीत में एबादत का बड़ा हाथ रहा। पहली पारी में एक विकेट लेने वाले एबादत ने दूसरी पारी में छह विकेट झटके। एबादत ने दूसरी पारी में विल यंग, डेवॉन कॉनवे, रोस टेलर, हेनरी निकोल्स, टॉम ब्लंडेल और काइल जैमीसन को पवेलियन भेजकर बांग्लादेश की जीत की राह आसान की।

न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 328 रन बनाए, जवाब में बांग्लादेश ने पहली पारी में 458 रन बना डाले। न्यूजीलैंड दूसरी पारी में महज 169 रनों पर ऑलआउट हो गया और बांग्लादेश ने 40 रनों के लक्ष्य को दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड में क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में यह बांग्लादेश की पहली जीत है। इसके अलावा पिछले 10 सालों में न्यूजीलैंड को उसी की धरती पर हराने वाली बांग्लादेश पहली एशियाई देश भी बन गया।

# श्रीलंकाई क्रिकेटर भानुका राजपक्षे ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविद

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के 30 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज भानुका राजपक्षे ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि राजपक्षे क्रिकेट प्रशासन को अपना संन्यास पत्र सौंप दिया है। ईएसपीएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक श्रीलंका क्रिकेट यानी एसएलसी को सौंपे गए एक पत्र में राजपक्षे ने संन्यास की वजह पारिवारिक दायित्वों को बताया है। भानुका राजपक्षे ने श्रीलंका टीम के लिए 5 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। बता दें कि भानुका राजपक्षे का इंटरनेशनल करियर मात्र 3 साल ही चला। राजपक्षे ने अपना टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू 2019 में पाकिस्तान के खिलाफ



किया था। वनडे में अपना पहला मैच भानुका राजपक्षे ने जुलाई 2021 में भारत के खिलाफ खेला था। राजपक्षे ने अपने टी-20 करियर के 5 मैचों में 89 रन बनाए हैं, जबकि 18 वनडे मैचों में 320 रन बनाए हैं। खबरों के मुताबिक उन्होंने अपने संन्यास वाले पत्र में लिखा कि मैंने एक खिलाड़ी, पति के रूप में अपनी स्थिति पर बहुत सावधानी से विचार किया है और पितृत्व और संबंधित पारिवारिक दायित्वों को देखते हुए यह निर्णय ले रहा हूं। बताते चलें कि टी-20 विश्व कप 2021 में राजपक्षे श्रीलंकाई टीम का हिस्सा थे। इस दौरान उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। वो श्रीलंका के लिए आठ मैचों में 155 रन के साथ तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने थे।

## 15 साल पहले हम ऐसी ही परेशानी से जूझ रहे थे, जोहानिसबर्ग टेस्ट में कैच विवाद पर बोले पूर्व कप्तान शॉन पोलॉक

**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच जोहानिसबर्ग के द वांडरर्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस टेस्ट मैच आज तीसरा दिन है, लेकिन इससे पहले दूसरे दिन डुसेन के आउट को लेकर सोशल मीडिया से कमेंट्री बॉक्स तक विवाद छिड़ा हुआ है। अब इस विवाद में पूर्व साउथ अफ्रीका के कप्तान शॉन पोलॉक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। शान पोलॉक के प्रतिक्रिया से पहले आपको बता दें कि पूरा मामल क्या है। दरअसल, साउथ अफ्रीका की पहली पारी में 45वें ओवर की चौथी गेंद पर



शार्दुल ठाकुर ने रासी वैन डेर डुसेन को अंदर की ओर गेंद फेंकी जो उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर थाईपैड पर लगी और गेंद पंत के दस्तानों में जा समाई। अंपायर मराय इरासमस ने डुसेन को आउट दे दिया। हालांकि रीप्ले में दिखाई दे रहा था कि गेंद पंत के ग्लव्ज तक पहुंचने से पहले ही कथित तौर पर जमीन पर टप्पा खा गई थी। लेकिन जब रिप्ले दिखाया, तबतक बल्लेबाज बाउंड्री को पार कर चुका था और किसी ने अंपायर से अपील भी नहीं की थी। ऐसे में विकेट ही माना गया।

रिप्ले ने कमेंट्री बॉक्स और सोशल मीडिया पर कैच को लेकर बहस छेड़ दी और पूर्व क्रिकेटर शॉन पोलॉक और विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने भी इस घटना पर बहस की। इस बहस के दौरान शॉन पोलॉक ने कहा कि दस्तानों का भारीपन कभी-कभी विकेटकीपरों को यह एहसास नहीं होने देता कि क्या कैच साफ है, जिसके लिए कार्तिक सहमत हो गए। रिप्ले के बाद पोलॉक ने कहा कि 15 साल पहले हम एक ही समस्या थी कि हमारे पास बहुत कम कैमरे थे और आज ढेर सारे कैमरे तो हैं ही साथ ही बेहतर तकनीक वाले हैं, लेकिन इसके बावजूद भी हम निर्णय लेने में सक्षम नहीं हैं। हालांकि, भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने इस बात पर भी जोर दिया कि निर्णय पर अंपायरों के साथ बातचीत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर सही थे। बता दें कि डुसेन को आउट देने पर कप्तान डीन एल्गर के साथ साथ पूरी टीम हैरानी थी। वीडियो देखने के बाद कप्तान एल्गर तुरंत थर्ड अंपायर के पास पहुंच गए। उनके साथ टीम मैनेजर भी मौजूद थे। दोनों ने डुसेन को आउट देने की शिकायत की। इस अपील के बाद थर्ड अंपायर ने भी डुसेन के विकेट की फुटेज देखी। इसके बाद तीसरे अंपायर ने कहा कि फुटेज देख साबित नहीं हो रहा है कि गेंद पंत के ग्लव्ज में समाने से पहले जमीन पर लगी है, इसलिए डुसेन के विकेट पर कुछ नहीं कर सकते और ना ही इस बारे में भारतीय कप्तान केएल राहुल से बात नहीं कर सकते।अगर थर्ड अंपायर को लगता कि डुसेन नॉट आउट हैं, केएल राहुल से आउट की अपील वापस लेने की मांग की जाती।

# पहले दिन का खेल खत्म, अच्छी शुरूआत के बाद लड़खड़ाया ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** एशेज सीरीज का चौथा टेस्ट मैच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन बारिश के चलते महज 46.5 ओवर का ही खेल हो सका। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और अच्छी शुरूआत के बाद मेजबान टीम की पारी कुछ लड़खड़ा सी गई। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 126 रन बना लिए हैं। स्टीव स्मिथ और उस्मान ख्वाजा नॉटआउट लौटे हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से डेविड वॉर्नर, मार्कस हैरिस और मार्नस लाबुशेन तीनों ही अच्छी शुरूआत के बाद बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। इंग्लैंड की ओर से स्टुअर्ट ब्रॉड, जेम्स एंडरसन और मार्क वुड ने एक-एक विकेट लिया है। वॉर्नर और हैरिस ने पहले विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी निभाई। वॉर्नर अच्छी लय में नजर आ रहे थे, लेकिन ब्रॉड ने ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। टेस्ट क्रिकेट में यह 13वां मौका था, जब ब्रॉड




ने वॉर्नर को आउट किया है। इसके बाद हैरिस और लाबुशेन ने मिलकर स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया। 11 रनों पर हैरिस के रूप में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा विकेट गंवाया, हैरिस 38 रन बनाकर आउट हुए। एंडरसन की गेंद पर हैरिस ने कप्तान जो रूट को कैच थमाया। कुछ ही देर बाद मार्क वुड ने लाबुशेन को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर ढकेल दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने अपना तीसरा विकेट 117 रनों के स्कोर पर गंवाया। लाबुशेन 28 रन बनाकर आउट हुए। स्मिथ छह और ख्वाजा चार रन बनाकर खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया पहले तीन टेस्ट मैच जीतकर एशेज सीरीज पर 3-0 से विजयी बढ़त बना चुका है। इंग्लैंड टीम इस सीरीज के दौरान अपने खराब खेल के लिए काफी आलोचनाओं का सामना कर चुकी है। बचे हुए दो टेस्ट में जो रूट एंड कंपनी अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए खेलेगी।

# पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक पर भड़के अमरिंदर सिंह, पंजाब में राष्ट्रपति शासन की मांग

**चंडीगढ़।** पंजाब में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली होने वाली थी। इससे पहले उनकी सुरक्षा में भारी चूक हुई है। पीएम मोदी का काफिला करीब 15-20 मिनट तक एक फ्लाईओवर पर अटका रहा। सुरक्षा को देखते हुए उनका काफिला वापस भटिंडा एयरपोर्ट लौट आया। इस कारण से पीएम पहले से तय कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हो पाए। गृह मंत्रालय ने चन्नी सरकार से रिपोर्ट मांगी है। वहीं, पंजाब सरकार भी हरकत में आई और फिरोजपुर के एसएसपी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी खुद अपनी सुरक्षा में हुई चूक से चन्नी सरकार को लेकर नाजारगी व्यक्त की। भटिंडा एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधाकारियों से कहा, अपने सीएम से कहना कि मैं जिंदा भटिंडा एयरपोर्ट लौट पाया।

## चन्नी ने एसएसपी को किया सस्पेंड



वहीं, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में सेंध लगने की खबर के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। कैप्टन अमरिंदर ने कहा कि चन्नी सरकार राज्य में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है। हुसैनीवाला के पास सड़क जाम में उनका काफिला फंस जाने के बाद मोदी बुधवार को चुनावी राज्य में एक रैली को संबोधित किए बिना लौट आए। पंजाब लोक कांग्रेस प्रमुख अमरिंदर सिंह ने यहां एक रैली को संबोधित करने के बाद मीडिया से कहा, अगर हमें अपने राज्य को सुरक्षित रखना है और यहां कानून-व्यवस्था बनाए रखना है, तो मुझे लगता है कि राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सड़क मार्ग से जाते समय एक फ्लाईओवर पर 15 से 20 मिनट के लिए उस वक्त फंस गए जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने इस घटना को प्रधानमंत्री की सुरक्षा में गंभीर चूक करार दिया है। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान गंभीर सुरक्षा खामी के बाद उनके काफिले ने लौटने का फैसला किया। बयान में यह भी कहा गया कि मंत्रालय ने पंजाब सरकार से इस चूक के लिए जवाबदेही तय करने और कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा है। जिस वक्त यह घटना हुई, उस वक्त प्रधानमंत्री भटिंडा से हुसैनीवाला में राष्ट्रीय शहीद स्मारक की ओर जा रहे थे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम और यात्रा की योजना के बारे में पंजाब सरकार को पहले ही बता दिया गया था।

## चन्नी को थैंक्स कहना कि मैं भटिंडा एयरपोर्ट तक जिंदा लौट पायाः सुरक्षा चूक पर भड़के पीएम मोदी

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पंजाब दौरे पर थे। इस दौरान उनकी सुरक्षा में उस समय भारी चूक हुई जब वह खराब मौसम के कारण सड़क मार्ग के रास्ते हुसैनीवाला में राष्ट्रीय शहीद स्मारक की तरफ जा रहे थे। शहीद स्मारक से लगभग 30 किलोमीटर पहले एक फ्लाईओवर पर प्रदर्शनकारियों ने उनका रास्ता रोक लिया और 15-20 मिनट के लंबे इंतजार के बाद पीएम का काफिला वापस भटिंडा एयरपोर्ट की तरफ लौट आया। भटिंडा हवाई अड्डे के अधिकारियों ने एएनआई को बताया कि भटिंडा हवाई अड्डे पर लौटने पर पीएम मोदी ने वहां के अधिकारियों से कहा, अपने सीएम को धन्यवाद कहना कि मैं भटिंडा हवाई अड्डे तक जिंदा लौट पाया।



## लड़की हूं लड़ सकती हूं...कांग्रेस की महिला मैराथन में भगदड़ की होगी जांच, डीएम ने 24 घंटे में मांगी रिपोर्ट

**बरेली।** यूपी के बरेली में मंगलवार को कांग्रेस की ओर से आयोजित महिला मैराथन दौड़ में हुई भगदड़ की घटना के लिए प्रशासन ने शुरूआती जांच में लापरवाही को फौरी तौर पर जिम्मेदार मानते हुए घटना की विस्तृत जांच कराने का फैसला किया है। बरेली के जिलाधिकारी ने कांग्रेस की मैराथन दौड़ के लिए प्रशासन द्वारा दी गई अनुमति की शर्तों का उचित पालन नहीं होने की बात भी घटना की प्रारंभिक जांच में सामने आने के बाद पुलिस को विस्तृत जांच करने को कहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय प्रशासन ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के निर्देश पर इस मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। एनसीपीसीआर ने मंगलवार को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए बरेली के जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह को भगदड़ के बाद अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट 24 घंटे में देने और सात दिन के भीतर घटना की विस्तृत जांच रिपोर्ट देने को कहा है। गौरतलब है कि यूपी में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने लड़की हूं लड़ सकती हूं अभियान के तहत मंगलवार को बरेली में महिला मैराथन दौड़ आयोजित की थी। इसमें मची भगदड़ में दो दर्जन से अधिक लड़कियां चोटिल हो गयी थीं जबकि कुछ अन्य को ज्यादा चोट लगने पर अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

# माफिया भाजपा लीग, बाहुबली धनंजय सिंह को लेकर सपा का बीजेपी पर वार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पुलिस को जिस बाहुबली भगोड़ा पूर्व सांसद धनंजय सिंह की तलाश जुटी है, इसी बीच वो क्रिकेट की पिच पर बैट और बॉल से आजमाइश करता हुआ देखा गया है। बता दें कि 25 हजार इनामी इस बाहुबली को यूपी पुलिस 7 महीने से तलाश कर रही है। लेकिन वह खुलेआम घूम रहा है। धनंजय सिंह का एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि तस्वीर मछलीशहर के करियांव गांव की है, जहां 3 जनवरी को धनंजय सिंह यहां आया था, उसने यहां क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया। खिलाड़ियों के साथ फोटो खिंचवाई और चलता बना। लेकिन पुलिस को इसकी भनक नहीं लगी। इसी बीच समाजवादी पार्टी (सपा) ने माफियाओं को संरक्षण देने के आरोप लगाया है। सपा ने अब बाहुबली और पूर्व सांसद धनंजय सिंह का एक वीडियो ट्वीट करते हुए योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। क्रिकेट खेलते हुए धनंजय सिंह का वीडियो ट्वीट करते हुए सपा ने लिखा, फर्क साफ है! मुख्यमंत्री से जुड़े माफिया ह्यखेलह्ण रहे क्रिकेट, 25000 के इनामी माफिया धनंजय सिंह सत्ता के संरक्षण में पुलिस की नाक के नीचे ले रहे खुले आसमान के नीचे खेल का मजा, डबल इंजन सरकार के बुलडोजर को नहीं मालूम इनका पता! जनता सब देख रही, बाईस में भाजपा साफ। इसी वीडियो को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ट्वीट करके योगी सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने लिखा, बाबा जी अपने करीबी नालबद्ध माफि याओं के टॉप टेन की सूची बनाकर एक टीम बना लें और आईपीएल की तरह एक ह्यएमबीएलह्ण मतलब ह्यमाफिया भाजपा लीगह्ण शुरू कर दें। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आगे लिखा, शहर के पुलिस कप्तान तो उनके लिए पिच बिछाए बैठे ही हैं और टीम कप्तान वो खुद हैं हीह्न हो गए पूरे ग्यारह। अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा का काम प्त अपराधी सरेआम! धनंजय सिंह, जौनपुर के बाहुबली नेता हैं और वह सांसद रह चुके हैं। 2020 में मल्हानी सीट पर हुए उपचुनाव के दौरान दिए गए हलफनामे के मुताबिक, धनंजय सिंह पर 7 मुकदमें दर्ज हैं। बीते साल लखनऊ में पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजीत सिंह की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में धनंजय सिंह का नाम सामने आया था। जबकि 2017 में धनंजय सिंह ने इलेक्शन हलफनामा में लिखा कि उसके खिलाफ 3 मुकदमे हैं। 2021 खत्म होते-होते इस पर 2 और मुकदमे दर्ज हुए, जिसमें हत्या का मुकदमा भी शामिल है। गैंगस्टर एक्ट के तहत भी धनंजय सिंह पर एफआईआर दर्ज है।

## पीएम का काफिला फंसा तो सीएम चन्नी ने नहीं उठाया फोन, नड्डा ने ट्वीट कर पंजाब सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला विरोध प्रदर्शनों की वजह से करीब 15-20 मिनट तक एक फ्लाईओवर पर फंसा रहा। गृहमंत्रालय ने इसे पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक कहा है। अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्य की चरणजीत सिंह चन्नी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। जेपी नड्डा ने आरोप लगाया है कि जिस वक्त पीएम का काफिला फंसा हुआ था उस वक्त राज्य के सीएम ने फोन तक नहीं उठाया। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सड़क मार्ग से जाते समय एक फ्लाईओवर पर 15 से 20 मिनट के लिए उस वक्त फंस गए जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। इसके बाद बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक के बाद कई ट्वीट कर चन्नी सरकार को घेरा। जेपी नड्डा ने ट्वीट करते हुए लिखा, पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी ने फोन पर बात करने या इस मामले का समाधान करने से इनकार कर दिया। पंजाब सरकार द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति, लोकतांत्रिक सिद्धांतों में विश्वास रखने वाले किसी भी व्यक्ति को कष्ट पहुंचाएगी और उन्हें व्यथित करेगी।

# यूपी में बढ़ रहा कोरोना, सरकारी और प्राइवेट ऑफिसों को लेकर सीएम योगी का नया आदेश

**झांसी।** वार्ता। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना वायरस के नए रूप ओमिक्रॉन के लगातार बढ़ रहे मामलों के मद्देनजर बुधवार को स्पष्ट कहा है कि संक्रमण का खतरा अभी टला नहीं है, इसलिए सभी लोग कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करें। यूपी सरकार हर प्रदेशवासी के जीवन और जीविका की सुरक्षा के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने लोकभवन में अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की और वर्चुअली भी प्रदेश भर के अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि अभी इस संक्रमण का खतरा टला नहीं है, इसलिए सभी लोग कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करें, मास्क लगाएं, सेनेटाइजर का उपयोग करें और सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन करें। संक्रमण को लेकर अनावश्यक घबराने की जरूरत नहीं है। जरूरत इस बात की है कि इस संक्रमण से बचने के लिए सभी एहतियात बरते जाएं। आईसीसीसी तथा निगरानी समितियों को प्रभावी ढंग से एक्टीवेट किया जाए और इनकी गतिविधियों का निरीक्षण भी किया जाए। निगरानी समितियां अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में टीका न लगवाने वाले लोगों की



सूची तैयार कर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। जिला प्रशासन इनके टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। संक्रमण के दृष्टिगत टेस्टिंग के लिए पिछली कोरोना लहर के दौरान संतोषजनक कार्य करने वाली लैब्स को एक्टिवेट किया जाए, परन्तु इनकी कार्य प्रणाली और इनके द्वारा मुहैया करायी जा रही रिपोर्ट की मॉनीटरिंग अवश्य की जाए। उन्होंने कोरोना संक्रमण के वस्तिार को रोकने के दृष्टिगत राज्य स्तर पर गठित स्वास्थ्य विशेषज्ञ सलाहकार पैनल से परामर्श कर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को संक्रमण के विषय में सही जानकारी दी जाए। इससे बचाव के उपाय भी बताए जाएं। संक्रमित व्यक्ति को आवश्यक दवाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाए। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञ सलाहकार पैनल ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्तमान वैरिएंट पिछले वैरिएंट की तुलना में कम नुकसानदेह है। वैक्सीनेटेड सामान्य व्यक्ति के लिए यह बड़ा खतरा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी सरकार हर एक प्रदेशवासी के जीवन और जीविका की सुरक्षा के लिए संकल्पित है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 10वीं तक के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में मकर संक्रांति तक अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवधि में विद्यार्थियों का टीकाकरण जारी रहेगा। उन्होंने व्यापक जनहित के दृष्टिगत निर्देश दिए कि जिन जनपदों में एक्टिव केस की न्यूनतम संख्या 1000 से अधिक हो जाए, वहां जिम, स्पा, सिनेमाहॉल, बैंक्वेट हॉल, रेस्टोरेंट आदि सार्वजनिक स्थलों को 50 फीसदी क्षमता के साथ संचालित किया जाए। शादी समारोह और अन्य आयोजनों में बंद स्थानों में एक समय में 100 से अधिक लोगों की सहभागिता न हो। खुले स्थान पर ग्राउंड की कुल क्षमता के 50 फीसदी से अधिक लोगों के उपस्थिति की अनुमति न दी जाए। मास्क-सैनिटाइजर की अनिवार्यता रहे। रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू रात 10 से प्रातः छह बजे तक लागू किया जाए। यह व्यवस्था छह जनवरी, 2022 से प्रभावी होगी। मुख्यमंत्री ने सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय तथा निजी कार्यालयों, आईटी संस्थाओं, कंपनियों, ऐतिहासिक स्मारकों, होटल-रेस्त्रां, औद्योगिक इकाइयों, व्यापारिक स्थलों, मॉल्स, अस्पतालों, आस्थानों सहित धार्मिक स्थलों पर कोविड हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सभी जगहों पर लोगों को बिना स्क्रीनिंग और सैनिटाइजेशन के प्रवेश न दिया जाए।

# कोरोना से बचाने के उपायों पर जर्मनी में गुस्सा क्यों

**नई दिल्ली।** सोमवार की शाम जर्मनी में 35,000 से ज्यादा लोग कोरोना वायरस के कारण लग रहे प्रतिबंधों का विरोध करने सड़कों पर उतरे. महामारी से बचने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर इन लोगों में आखिर इतनी नाराजगी क्यों हैबीते कुछ हफ्तों में जर्मनी का उत्तर पूर्वी राज्य मैक्लेनबुर्ग फोरपोमर्न ने विरोध प्रदर्शनों की आंच सबसे ज्यादा सहन की है. सोमवार को भी पुलिस के मुताबिक राज्य के कम से कम 20 शहरों या कस्बों में 10 हजार से ज्यादा लोग विरोध प्रदर्शन करने सड़कों पर उतरे. सैक्सनी अनहाल्ट राज्य के माग्देबुर्ग में तो प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प भी हुई. प्रदर्शन कर रहे लोगों ने घेराबंदी को तोड़ा और पुलिस अधिकारियों पर बोतलें फेंकी. हालांकि किसी पुलिस अधिकारी के घायल होने की खबर नहीं है. माग्देबुर्ग में करीब 2,500 लोग विरोध करने निकले थे. जर्मन कानून के तहत विरोध प्रदर्शन करने से पहले अधिकारियों को इसकी पूरी जानकारी देनी होती है. महामारी के खिलाफ होने वाले ज्यादातर




प्रदर्शनों की जानकारी अधिकारियों को पहले से दी जा रही है लेकिन बहुत से ऐसे प्रदर्शन भी हो रहे हैं जिनके बारे में पहले से नहीं बताया जाता. जाहिर है कि ये प्रदर्शन गैरकानूनी है.

पुलिस पर हमला थुरिंजिया राज्य में पुलिस का कहना है कि 16,000 लोगों ने गैरकानूनी प्रदर्शनों में हिस्सा लिया. लिष्टेनश्टाइन शहर में तो प्रदर्शनकारियों के हमले में 14 अधिकारी घायल भी हुए हैं. पुलिस ने उन पर पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया. हिंसा की घटनाओं के बाद 40 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है. इसी तरह रोस्टॉक में कई हजार लोगों ने सिटी सेंटर में मार्च किया. इस मार्च की मंजूरी तो दी गई थी लेकिन लोगों के लिए चेहरे पर मास्क लगाना जरूरी था. विरोध में शामिल बहुत से लोगों ने मास्क नहीं लगाया. इससे पहले हुए प्रदर्शनों के दौरान लोग तय रास्ते को छोड़ दूसरे रास्तों पर भी निकल गए. रोस्टॉक की पुलिस ने इस बार सख्ती की थी और मार्च के लिए तय रास्ते की घेरेबंदी कर दी थी ताकि ये लोग दूसरी सड़कों पर ना जाएं. बवेरिया राज्य के न्यूरेमबर्ग में भी बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ.

यहां 4,200 से ज्यादा लोगों ने मार्च किया हालांकि पुलिस को इससे आधी संख्या में ही लोगों के मार्च की उम्मीद थी. बवेरिया के आंसबाख और बायरॉइथ समेत कई और शहरों में भी प्रदर्शन हुए हैं जिनमें कई गैरकानूनी थे. कई शहरों में सोशल मीडिया के जरिए विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया और उनमें बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही. बर्लिन में तो एक टीवी चैनल के दफ्तर के सामने ही लोग प्रदर्शन करने जमा हो गए. ये लोग प्रेस पर झूठा होने का आरोप भी लगा रहे हैं. नाराजगी की वजह प्रदर्शन कर रहे लोग मुख्य रूप से कोरोना महामारी से बचने के लिए लगाई जा रही पाबंदियो के खिलाफ हैं. उन्हें लगता है कि उनकी आजादी में खलल डाली जा रही है. वो सरकार के आंकड़ों पर भी भरोसा नहीं कर रहे हैं और बहुत से लोग टीका लगवाने के लिए भी तैयार नहीं हो।

## घरेलू हिंसा की पीड़ितों के लिए लड़ती इराकी महिला

**नई दिल्ली।** इराक में रहने वाली अजहर उन महिलाओं को कानूनी सहायता प्रदान करती हैं जो घरेलू हिंसा की शिकार होती हैं. उस हिंसा से वे खुद अच्छी तरह से वाकिफ हैं. उनके क्रूर पति के साथ अजहर का कुछ ऐसा ही अनुभव रहा है.परिवार के दबाव में शादी के लिए मजबूर की गई अजहर ने अपने पति से तलाक के लिए एक लंबी लड़ाई लड़ी है. 56 वर्षीय अजहर ने उस आदमी को तलाक देने के लिए लगभग एक दशक तक अदालत में लड़ाई लड़ी, जो उनकी पिटाई करता था. पति द्वारा हमले को याद करते हुए अजहर कहती हैं, मुझे यकीन था कि मैं मरने जा रही हूं उनके पास शरीर पर चोटों की पुरानी तस्वीरें हैं जो वह दिखा रही हैं.

18 साल से कम उम्र की लड़कियों की शादी पिछले साल बढ़कर 25.5 फीसदी हो गई, जो 2011 में 21.7 फीसदी थी. सुरक्षा कारणों से अजहर अपना पूरा नाम नहीं बताना चाहती हैं, वे कहती हैं जब उनकी पहली शादी हुई तो उनकी उम्र 20 साल के करीब थी, लेकिन वह जल्द ही विधवा हो गई और सात साल बाद फिर से शादी के लिए मजबूर हो गई. उन्होंने आखिरकार अपने आठ बच्चों के साथ अपने अपमानजनक दूसरे पति को छोड़ दिया और तलाक के लिए अर्जी दी. उन्होंने बताया कि पहला जज उसके पति को जानता था और तीन चिकित्सा प्रमाणपत्रों में उसकी चोटों को साबित करने के बावजूद अर्जी को खारिज कर दिया।

वो याद करती हैं कि कैसे जज

# लगी थी या लगाई गई थी अमेरिका के कोलोराडो में आग

**नई दिल्ली।** अमेरिका के कोलोराडो में पिछले सप्ताह जंगल से फैली आग ने हजारों घर तबाह कर दिए. विशेषज्ञ भले जलवायु परिवर्तन को वजह मान रहे हों, लेकिन प्रशासन की जांच इशारा कर रही है कि आगजनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता.अमेरिका के कोलोराडो में जंगलों में लगी भीषण आग और इससे सैकड़ों घर तबाह होने के बाद इस मामले की जांच जारी है. इस आग की वजह जानने के मकसद से केंद्र और राज्य के जांचकचाओं ने दर्जनों लोगों से पूछताछ की है।

हालांकि, बोल्डर काउंटी के शेरिफ ने कहा है कि इस जांच के नतीजे आने में अगर महीनों नहीं, तो कई हफ्ते तो लग ही जाएंगे. शेरिफ जो पेले ने कहा कि यह बहुत बड़ा मामला है और जांच में किसी अहम पड़ाव पर पहुंचे बिना वह इससे जुड़ी कोई बात साझा नहीं करेंगे. उन्होंने कहा कि यह जांच लंबी चल सकती है. लोग भले जल्द इसकी तह तक पहुंचना चाहते हों, लेकिन सही नतीजे पर पहुंचना सबसे ज्यादा जरूरी है.

गुरुवार को शुरू हुई इस आग ने तेज हवाओं की वजह से विकराल रूप ले लिया. इस आग में अब तक करीब हजार घर और अन्य इमारतें खाक हो चुकी हैं. इसके बाद हजारों निवासियों को बोल्डर और डेनवर के बीच तेजी से बढ़ रहे एक कस्बे में ले जाया गया. दो लोग गुमशुदा हैं, जिनकी तलाश जारी है. जलवायु परिवर्तन या आगजनी विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड के मौसम में आग लगना असामान्य घटना है. हालांकि, वे कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन की वजह से जैसे-जैसे धरती का तापमान बढ़ रहा है और जितनी तेजी से लोग आग लगने की संभावना वाले इलाकों में बस रहे हैं, इससे हमें भविष्य में ऐसी और घटनाओं का सामना करना पड़ सकता है।

कोलोराडो में आग की यह जो घटना हुई है, इससे पहले यह इलाका सूखे का सामना कर चुका है और ठंड में यहां कम ही बर्फ गिरी थी. आग की शुरूआत कहां और कैसे हुई, इसकी जांच का मुख्य केंद्र बोल्डर के पास का एक इलाका है। पेले ने सोमवार को बताया कि जिस दिन आग लगी, उसी दिन यहां से गुजर रहे एक शख्स ने जलते हुए शेड का एक वीडियो रिकॉर्ड किया था. उन्होंने कहा कि अब तक दर्जनों लोगों से पूछताछ की जा चुकी है. एफबीआई और अमेरिकी फॉरेस्ट सर्विस के अलावा अल्कोहल ब्यूरो और विस्फोटकों के विशेषज्ञ भी इस जांच से जुड़े हैं. प्रशासन का कहना है कि अब तक इलाके में बिजली के गिरे हुए तार नहीं मिले हैं. बोल्डर काउंटी अनिगमित है, जिसके अंदर मार्शल मेसा नाम का एक इलाका है. यह इलाका तेजी से फैली आग से तबाह हो चुका है. जांच से जुड़े एक अधिकारी ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर बताया कि प्रॉपर्टी की जांच की जा रही है, जिनमें से एक मार्शल मेसा इलाके में भी है. सोमवार को इस इलाके में आवाजाही रोक दी गई है।

घरों से लेकर दुकानों तक का नुकसान पिछले सप्ताह के अंत में प्रशासन ने सर्च वारंट भी जारी किए थे, लेकिन शेरिफ ने इस बारे में बात करने से इनकार कर दिया कि क्या यह आगजनी का कोई मामला लगता है. वहीं एक गुमशुदा महिला और पुरुष की तलाश जारी है. इस आग से घर भले जलकर राख हो गए हों, लेकिन कई नींव अब भी सुलग रही हैं. शनिवार को गिरी बर्फ की वजह से लपटों को काबू करने में मदद मिली, जिसकी वजह से अब आग से और कोई खतरा नहीं बताया जा रहा है. आग से तबाह हुई करीब हजार इमारतों में से ज्यादातर घर थे. लुईविल में एक शॉपिंग सेंटर के आठ व्यापारिक प्रतिष्ठान भी इस आग की चपेट में आए हैं. पास की ही एक अन्य इमारत में 12 व्यापारिक प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचा है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक 211019 से प्रकाशित स्वामी श्री योगी सत्यम एवम योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराजसे मुद्रित एवम क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506